नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 261    डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शनिवार 30 जुलाई 2022

पेज -3 पर घटिया सोच कांग्रेस को रसातल में ले जायेगी-माधवी सिका

ऋषभ गुप्ता को छत्तीसगढ़ कोलता समाज आंचलिक सभा लैलूंगा ने किया ... पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## हड़ताल कर रहे कर्मचारियों पर होगी कार्रवाईःनहीं मिलेगा वेतन, सरकार ने जारी किया आदेश, 25 जुलाई से हड़ताल पर थे कर्मचारी

रायपुर। प्रदेश में हड़ताल कर रहे सरकारी कर्मचारियों पर सरकार ने कार्रवाई करने का फैसला लिया है। इस संबंध में एक आदेश जारी किया गया है। ये भी कहा गया है कि हड़ताल के दौरान कर्मचारियों को कोई वेतन नहीं मिलेगा। इसके अलावा अनुशासनात्मक कार्रवाई भी होगी।



दरअसल बीते 25 जुलाई से प्रदेश के लाखों कर्मचारी हड़ताल पर हैं। ये हड़ताल शुक्रवार शाम 29 जुलाई तक जारी रही।

कर्मचारियों ने भत्ते की मांग के लिए हड़ताल की थी, मगर अब सैलरी से ही हाथ धोना पड़ेगा। सरकार की तरफ से जारी किए गए आदेश में एक नियम का जिक्र है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1965 के तहत एक साथ हड़ताल करना छुट्टी लेना ये अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत आता है। ऐसा करने पर न तो छुट्?टी दी जाएगी न ही हड़ताल के दिनों का कोई वेतन मिलेगा। इन नियमों के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग ने कर्मचारियों पर कार्रवाई करने को कह दिया है।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले तमाम सरकारी कर्मचारियों के संगठन हड़ताल के लिए आगे आए। शुक्रवार को हड़ताल का आखिरी दिन था। अब सरकार द्वारा कार्रवाई और वेतन काटने के आदेश का कर्मचारी संगठन विरोध कर रहे हैं। फेडरेशन के प्रवक्ता विजय झा ने बताया कि ये रवैया ठीक नहीं है। राज्य सरकार द्वारा 5 दिन के हड़ताल अवधि का वेतन काटने के आदेश को अनुचित बताया है। नेताओं ने कहा है कि आंदोलन के दौरान कर्मचारियों से संवाद करने के बजाए वेतन काटने का आदेश वार्ता के मार्ग को बाधित करने के समान हैं। इससे कर्मचारियों में और आक्रोश बढ़ेगा।

### इस वजह से हुई थी हड़ताल

*प्रदेश के कर्मचारी नेताओं का कहना है कि राज्य के सरकारी कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के तहत ना तो महंगाई भत्ता मिल रहा है और ना ही भाड़ा भत्ता। ऐसे में हर महीने 4 से 14000 का नुकसान हर कर्मचारी को हो रहा है। लंबे समय से इसे लागू किए जाने की मांग की जा रही थी। मगर प्रशासन के उदासीन रवैये की वजह से अब कर्मचारी हड़ताल के लिए विवश हुए थे।*

## राज्यपाल के राज्यपाल के पद पर तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर राजभवन सचिवालय द्वारा सम्मान समारोह आयोजित



**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके के राज्यपाल के पद पर तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर राजभवन सचिवालय द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में से दो वर्षों में कोविड की चुनौती का हम सबने डटकर सामना किया और लोगों की सहायता के लिए भी हाथ बढ़ाया। आज राजभवन छत्तीसगढ़ का नाम पूरे देश में विख्यात है। यह राजभवन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग से ही संभव हो पाया हैं। परिवार के लोग जब अपनेपन की भावना के साथ मिलकर काम करते हैं तभी सकारात्मक परिणाम मिलते हैं। अकेला व्यक्ति आगे नहीं बढ़ सकता। राज्यपाल सुश्री उइके ने अपने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि मुझे पद का लोभ नहीं है, पद में रहूं या न रहूं, इसी जुनून से मानवता की सेवा करती रहूंगी।

राज्यपाल के सचिव श्री अमृत कुमार खलखो ने भी राज्यपाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए उनके कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी दी।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में कोरोना के 3427 मरीज़,दो की मौत

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या दोबारा बढ़ रही है. पॉजिटिविटी दर 5.96 प्रतिशत है. तीन जिले कोरोना के हॉटस्पॉट बने हुए हैं. जो रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग है. गुरुवार को 4776 सैंपल की जांच की गई. जिसमें 22 जिलों में 284 संक्रमित मरीज मिले. टोटल एक्टिव केसों की संख्या 3427 हो गई है. कोरोना से 2 संक्रमितों की मौत हुई है. मुंगेली, गौरेला पेंड्रा मरवाही, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर में एक भी संक्रमित मरीज नहीं मिला। छत्तीसगढ़ में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 3427 हो गई है. सबसे ज्यादा एक्टिव मरीज 691 रायपुर में है. दुर्ग में 491, राजनांदगांव में 327 एक्टिव मरीज है. गुरुवार को रायपुर में सबसे ज्यादा 78 संक्रमित मरीज मिले. दुर्ग में 69 संक्रमित मरीज मिले. राजनांदगांव में 20, बिलासपुर में 17 कोरोना केस मिले।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 549.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर ।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 549.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 29 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1419.6 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 193.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

## कोंडागांव में 9 छात्र डैम में डूबे, 2 शव मिले, 5 को सुरक्षित निकाला, 2 लापता

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में स्वामी आत्मानंद स्कूल के 9 छात्र डैम में डूब गए, जिनमें 2 की मौत हो गई है। 5 छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। वहीं 2 की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि यह सभी बच्चे स्कूल में एग्जाम देने के बाद डैम घूमने के लिए आए थे। सभी नहाने के लिए पानी में उतरे और एकाएक गहरे पानी में चले गए। फिलहाल, पानी में डूबे चार में से 2 स्टूडेंट के शव को बरामद कर लिया गया है, अन्य 2 की तलाश जारी है। बाकी बच्चों को अस्पताल लेकर गए हैं। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, कोंड़ागांव से महज 5 से 7 किलोमीटर की दूरी पर बफना गांव है। इस गांव में एक छोटा सा डैम है। अमूमन लोग डैम की सैर करने के लिए जाते हैं। शुक्रवार को कोंडागांव के स्वामी आत्मानंद स्कूल के 9 स्टूडेंट्स, भी एग्जाम देने के बाद सीधे डैम के किनारे पहुंच गए। कुछ देर किनारे में बैठे रहे। फिर पानी में नहाने के लिए उतरे। डैम की गहराई का अंदाजा न होने की वजह से बच्चे आगे बढ़ते गए और गहरे पानी में चले गए। जिससे 4 छात्र पानी में डूब गए। उन्हें बचाने के लिए अन्य 5 छात्र भी आगे बढ़े। वे भी डूबने लगे थे।





एक दूसरे का हाथ पकड़कर पानी में थे। वहां मौजूद ग्रामीणों ने बच्चों को पानी में डूबते देखा था। जिसके बाद फौरन उन्होंने 5 बच्चों को बाहर निकाल लिया। इस हादसे की सूचना कोंडागांव सिटी कोतवाली, स्कूल प्रबंधन और जिला प्रशासन की टीम को दी गई। मौके पर पहुंचे जवानों ने ग्रामीणों की मदद से पानी में डूबे 2 छात्रों का शव बरामद कर लिया है। 2 की तलाश जारी है। अब तक जिन छात्रों के शव मिले हैं, वह धमतरी और केशकाल के रहने वाले थे। वहीं केशकाल और कोंडागांव का एक-एक छात्र लापता हैं।

स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले 9 दोस्त रोशन सोनी, शेख अजहान खान, आशीष गुप्ता, भवदीप तिवारी, सादाब अहमद, चंद्रकांत, मोहित कश्यप, लखेंद्र मरकाम, तुसार नेताम ये सभी डैम गए थे।

## छत्तीसगढ़ी लोक गायक ने की अपने क्राइम पार्टनर की हत्या

### साथ में बैठकर शराब पी और फिर पत्थर से कुचल दिया

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में प्रसिद्ध लोक गायक गोफेलाल गेंदले को एक व्यक्ति की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर एक युवक को पत्थर से कुचल दिया और शव को निर्माणाधीन पुल से नीचे फेंक दिया। मरने वाला युवक लोक गायक का क्राइम पार्टनर था। वह चोरी के आरोप में जेल गया और वापस आने के बाद अपना हिस्सा मांग रहा था। साइबर सेल की मदद से आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा। युवक जहां मिला था, उस क्षेत्र का मोबाइल लोकेशन खंगाला गया तब गोफेलाल का मोबाइल भी साथ ही ट्रैवल कर रहा था। पुलिस ने गायक गोफेलाल को हिरासत में लेकर



पूछताछ की, तब मामले का खुलासा हो गया। आरोपी ने हत्या की बात स्वीकार कर ली है। मामला जरहागांव थाना क्षेत्र का है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 21 जुलाई को धरमपुरा से दशरंगपुर के बीच में नेशनल हाईवे-130 पर एक घायल युवक मिला। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। शव की शिनाख्त 22 जुलाई को बेमेतरा के नवागढ़ क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी राजकुमार पात्रे (35 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस को जांच में पता कि 6 माह पहले हरिहरपुर निवासी लोक गायक गोफेलाल गेंदले (45 वर्ष) ने एक चोरी का ट्रैक्टर खरीदा था। इस पर राजकुमार ने आरोप अपने ऊपर लिया और जेल चला गया था।

चरचा कालरी क्षेत्र में भूकंप

## सीएम भूपेश ने अधिकारियों को घायल कर्मचारियों के इलाज के दिए निर्देश

**रायपुर.** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरिया जिले के चरचा कालरी क्षेत्र में आए भूकंप से घायल 2 कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं. सीएम ने अधिकारियों को घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए.



मुख्यमंत्री ने SECL के चरचा कालरी क्षेत्र में कल रात भूकंप की घटना में घायल दो कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है.

गौरतलब है कि गुरुवार रात माइनिंग क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे दो कर्मचारी भूकंप का कंपन महसूस होने पर भागने के चक्कर में घायल हो गए. जिनका इलाज बिलासपुर जिले के अपोलो अस्पताल में कराया जा रहा है. अभी उनकी स्थिति पहले से बेहतर है. भूकंप की तीव्रता 4.6 रिक्टर मापी गई है.

दंतेवाड़ा-सुकमा बॉर्डर पर पुलिस-नक्सली मुठभेड़

## 5 लाख का इनामी हार्डकोर माओवादी मारा गया, सर्चिंग जारी

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा-सुकमा जिले की सीमा पर गुरुवार की रात व शुक्रवार सुबह पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। पुलिस ने एक हार्डकोर नक्सली को ढेर कर दिया। उस पर 5 लाख रुपये का इनाम घोषित था। बड़ी संख्या में माओवादियों के जमावड़े की सूचना पर ऑपरेशन लांच किया गया था। दोनों ओर से करीब एक घंटे तक फायरिंग हुई है। डीआरजी जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए। इस मुठभेड़ में और भी माओवादियों के घायल होने का अंदेशा है। जवान अभी भी मौके पर मौजूद हैं और सर्चिंग अभियान चला रहे हैं।



दंतेवाड़ा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि दंतेवाड़ा व सुकमा जिले की सीमा पर नहनी गुडरा के जंगलों में माओवादियों के जमावड़े की सूचना मिली थी। 28 जुलाई की रात दंतेवाड़ा से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (DRG) को रवाना किया गया था। रात में नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। जवानों ने भी मोर्चा संभाला और नक्सलियों का मुंहतोड़ जवाब दिया, जिसके बाद नक्सली भाग खड़े हुए। इलाके में सर्चिंग जारी है। वहीं शुक्रवार की सुबह सुकमा जिले के बिंद्रापानी के समीप जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच फिर मुठभेड़ हुई है, जिसमें एक माओवादी मारा गया है। जवान अभी मौके पर मौजूद हैं।

## पुरानी रंजिश के चलते घर घुसकर वाहन में किया तोडफोड़

**रायपुर ।** ग्राम छछानपैरी में एक युवक ने महिला के घर घुसकर मारपीट कर ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल में तोडफ़ोड़ कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम छछानपैरी निवासी प्रार्थिया रमसीला यदू 48 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी हरीशचंद जांगड़े प्रार्थिया के घर प्रवेश कर मारपीट करते हुए घर में खड़े ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल में तोडफ़ोड़ किया। प्रार्थिया की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 452, 294, 323, 427 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

राजनीति

विधानसभा चुनाव की तैयारी

## ९० विधानसभा सीटों के लिए भाजपा प्रभारी तय, सूची जारी होगी जल्द

रायपुर। प्रदेश विधानसभा चुनाव होने में अभी ड़ेढ साल बाकी है। भाजपा ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है। भाजपा ने डेढ़ साल पहले ही 90 विधानसभा सीटों के प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है।



जानकारी के अनुसार अधिकांश सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। इसके नामों का ऐलान करने से पहले ही गुरुवार को राजधानी पहुंचे राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश और छत्तीसगढ़ प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी एयरपोर्ट से सीधे बैठक लेने पहुंचीं। अधिकांश सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। इनके नाम का ऐलान करने से पहले सभी को सीधे बैठक में बुलाया गया।

बताया जाता है कि 90 सीटों पर चुनावी तैयारियों के हिसाब से कामकाज शुरू करने के लिए प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है। इसमें गोपनीयता बरती गई और सभी प्रभारियों के नाम का ऐलान करने से पहले ही कामकाज के बारे में ब्रीफ करने के लिए सीधे बैठक में बुलाया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय और नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक व नवनियुक्त प्रभारियों के अलावा किसी दूसरे पदाधिकारी को शामिल नहीं किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने बताया कि प्रभारियों के नाम तय किए गए है।

## कट्टा लेकर बनाया वीडियो, पहुंच गई पुलिस

### माफिया स्टाइल में दे रहा था धमकी; पकड़ा गया तो बोला-क्राइम करना पाप है, कानून हमारा बाप है

**रायपुर।** रायपुर के युवक को सोशल मीडिया पर शेखी बघारना महंगा पड़ गया। खुद को इलाके का माफिया बताने के चक्कर में लड़के ने वीडियो बना लिया, मगर कुछ ही देर बाद इसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बदमाश के पास से कट्टा भी मिला है, इसलिए मामला और संगीन हो गया। पुलिसिया कार्रवाई से हड़बड़ाए युवक ने अब लोगों से अपील की है कि वह इस तरह की वीडियो ना बनाएं। मामला रायपुर के गुढ़ियारी इलाके का है। यहां रहने वाला लक्ष्मण दीप मारपीट समेत आर्म्स एक्ट के पुराने मामलों में गिरफ्तार हो चुका है। आपराधिक प्रवृत्ति का है इसलिए खुद को माफिया बताते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर दिया। वीडियो में यह बदमाश लोगों को गुढ़ियारी इलाके में आने से पहले धमका रहा था, गालियां दी रहा था। यह वीडियो पुलिस के पास पहुंचा और कुछ देर बाद पुलिस लक्ष्मण को ढूंढते हुए उसके घर पहुंच गई।



एंटी क्राइम यूनिट की टीम साथ थी, तलाशी लेने पर लक्ष्मण के घर से एक देसी कट्टा भी मिला। पुलिस को जानकारी मिली कि इस कट्टे के दम पर लक्ष्मण दीप इलाके में अपनी धाक जमाया करता था। दो जिंदा कारतूस भी मिले। पूछताछ में लक्ष्मण ने कहा कि बिलासपुर से इस कट्टे और गोलियों को खरीदा था। पुलिस इसे अपने साथ थाने ले आई पूछताछ के बाद अब उसे जेल भेज दिया गया। थाने में माफी मांगते हुए लक्ष्मण ने कहा कि क्राइम करना पाप है, कानून हमारा बाप है। उसने लोगों से अपील भी की कि इस तरह की वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड ना करें। रायपुर पुलिस ने भी इस कार्रवाई के साथ युवक-युवतियों को चेता दिया है कि इस तरह की सोशल मीडिया रील्स बनाई तो कार्रवाई तय है।

# संरक्षण के बावजूद संकट में राष्ट्रीय पशु, बाघों की तादाद में बढ़ोतरी के दावों की हकीकत

देश में बाघों की तादाद में बढ़ोतरी के दावों के बीच राष्ट्रीय पशु का अस्तित्व संकट में है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने बीते दिनों संसद में बताया कि वर्ष 2019 से 2021 के बीच हर तीसरे दिन एक बाघ की मौत हुई है। इस तरह इन तीन वर्षों में कुल 329 बाघ (Tiger) मौत के मुंह में चले गए। यह इस बात का सबूत है कि बाघों के संरक्षण की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास नाकाफी हैं।

इस वर्ष की शुरुआत में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने घोषणा की थी कि राजस्थान के रणथंभौर से लेकर मध्य प्रदेश के पन्ना तक वाइल्ड लाइफ कॉरीडोर बनाया जाएगा।

इसका अहम कारण अभयारण्यों में क्षमता से बहुत अधिक बाघों का होना है। इससे भोजन, क्षेत्र और आवास की समस्या के चलते मानव आबादी में बाघों के हमले की आशंका बढ़ गई है। वर्ष 1972 में बाघ को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के बाद ही बाघ बचाओ परियोजना की शुरुआत हुई। अभी देश में कुल 53 टाइगर रिजर्व हैं। दुनिया के 71 फीसदी, यानी 3,000 के करीब बाघ हमारे देश में हैं, जिसमें सबसे ज्यादा बाघ मध्य प्रदेश, कर्नाटक और



सरकार बीते दस वर्षों में तकरीबन 530 से अधिक बाघों की मौत का दावा करती है, जबकि वन्यजीव विशेषज्ञ यह तादाद उससे कहीं अधिक बताते हैं। इनके आवास स्थल, प्राकृतिक जलस्रोत के खात्मे जैसे कारणों से ये मानव आबादी की ओर आने लगे हैं, जो खतरनाक है।

उत्तराखंड में हैं।

सरकार ने इस साल छत्तीसगढ़ के गुरु घासीदास नेशनल पार्क, राजस्थान के रामगढ़ विषधारी अभयारण्य, बिहार के कैमूर वन्यजीव अभयारण्य, अरुणाचल के दिवांग वन्यजीव अभयारण्य और कर्नाटक के एम. एम. हिल अभयारण्य को टाइगर रिजर्व के रूप में विकसित करने की मंजूरी दे दी है। अंतरराष्ट्रीय ग्लोबल टाइगर फोरम के अनुसार, भारत की स्थितियां बाघों के आवास के लिए सर्वथा उपयुक्त हैं। उसके अनुसार, भारत में कुल 38,915 वर्ग किलोमीटर इलाका बाघों के रहने लायक है।

नौ साल पहले रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में 2022 तक बाघों की संख्या दोगुनी करने के लिए दुनिया के 13 देशों ने एक लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे भारत ने चार साल पहले ही हासिल कर लिया था। लेकिन देश में बाघों की मौतों में वृद्धि कम चिंतनीय नहीं है। देखा जाए तो, 2012 से हर साल 98 बाघों की मौत हुई हैं। सबसे ज्यादा 2021 में 126 मौत हुई। असलियत यह है कि बाघ संरक्षित क्षेत्र या फिर अभयारण्य, कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। बीते वर्षों में तकरीब 350 करोड़ से अधिक के वन्यजीव उत्पादों की बरामदगी साबित करती है कि वन्यजीव तस्करों को किसी का भय नहीं है।

सरकार बीते दस वर्षों में तकरीबन 530 से अधिक बाघों की मौत का दावा करती है, जबकि वन्यजीव विशेषज्ञ यह तादाद उससे कहीं अधिक बताते हैं। इनके आवास स्थल, जंगलों में अतिक्रमण, प्रशासनिक कुप्रबंधन, जंगलों का सिमटते जाना, जंगलों में प्राकृतिक जलस्रोत के खात्मे से ये मानव आबादी की ओर आने लगे हैं, जो खतरनाक है। दिनोंदिन बढ़ते अवैध शिकार के चलते भी इनकी मौतों का आंकड़ा हर साल बढ़ता जा रहा है। बीते वर्ष राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की सदस्य दीया कुमारी ने आरोप लगाया था कि रणथंभौर अभयारण्य से 26 बाघ गायब हो गए। मगर प्रशासन इस पर चुप्पी साधे रहा। सवाल यह है कि जब वन्यजीव अभयारण्यों का प्रबंधन इतना बढ़िया है, तो बाघ कैसे गायब हो जाते हैं या शिकारियों द्वारा मार दिए जाते हैं।

ज्ञानेंद्र रावत

## संपादकीय

### मंकीपॉक्स से सावधान

मंकीपॉक्स से सर्वाधिक केस अगर यूरोप के देशों में मिले हैं तो सबसे ज्यादा मौतें अफ्रीकी देशों में हुई हैं। यह इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि अभी इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। दुनिया अभी एक महामारी से उबरी नहीं है और दूसरी महामारी दरवाजे पर दस्तक दे रही है। एक तरफ भारत में कोरोना वायरस के केसेज बढ़ रहे हैं तो दूसरी ओर मंकीपॉक्स के नए केसेज मिलने लगे हैं। कहने को भारत में अभी तक सिर्फ चार केस मिले हैं इसलिए यह पैनिक जैसी स्थिति नहीं है। बेशक केसेज की संख्या कम है लेकिन यह जिस तरह की संक्रामक बीमारी है उसे देखते हुए चार केस भी बहुत हैं। भारत के लिए चिंता की बात यह है कि चौथा केस, जो दिल्ली में मिला उस संक्रमित व्यक्ति का विदेश दौरा करने का कोई इतिहास नहीं है। उसने मनाली में छुट्टी मनाई थी और दिल्ली लौटने पर संक्रमण के लक्षण दिखे थे। इसका मतलब है कि संक्रमण का स्रोत स्थानीय है। यह चिंता की बात है अगर स्थानीय स्तर पर संक्रमण फैल रहा है। ध्यान रहे मंकीपॉक्स का संक्रमण कोरोना वायरस की तरह हवा से तो नहीं फैलता है लेकिन मरीज के संपर्क में आने से तेजी से फैलता है। यह शारीरिक स्पर्श से फैलने वाली बीमारी है। इसलिए भारत जैसी सघन आबादी वाले देश में इसके तेजी से फैलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस बीमारी की एक और खास बात यह है कि कोरोना से उलट इसका प्रसार हर देश में समान रूप से हो रहा है। कोरोना का संक्रमण अफ्रीकी देशों में बहुत कम रहा और वहां यूरोपीय, अमेरिकी या एशियाई देशों के मुकाबले कम लोगों की मृत्यु हुई। परंतु मंकीपॉक्स से सर्वाधिक केस अगर यूरोप के देशों में मिले हैं तो सबसे ज्यादा मौतें अफ्रीकी देशों में हुई हैं।

# राज्यों में बराबरी का मुकाबला

राष्ट्रपति चुनाव ने साबित किया है कि राज्यों में भाजपा अब भी कांग्रेस या दूसरे प्रादेशिक क्षत्रपों से बहुत आगे नहीं है। वहां मुकाबला लगभग बराबरी का है। लेकिन संसद में और खास कर लोकसभा में मुकाबला एकतरफा हो जाता है। यह अगले चुनाव के लिए बड़ा सबक है। इसका यह भी मतलब है कि राज्यों के चुनाव में नरेंद्र मोदी का फैक्टर उस तरह से काम नहीं करता है जैसे संसदीय चुनाव में करता है।

सो, अगर अगले संसदीय चुनाव में विपक्ष को भाजपा और नरेंद्र मोदी का मुकाबला करना है तो उसे रणनीति बदलनी होगी। इसके लिए जरूरी है कि विपक्षी पार्टियां विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में अलग अलग तरह से वोटिंग होने के पैटर्न को समझे। राष्ट्रपति चुनाव ने विपक्ष को यह मौका दिया है। इस चुनाव नतीजे का एक दूसरा निष्कर्ष यह भी है कि 2017 के मुकाबले 2022 में भाजपा कमजोर हुई है। बेशक डेढ़ फीसदी वोट का ही फर्क है लेकिन यह फर्क आया है। भाजपा के ज्यादा साधन संपन्न होने और आदिवासी व महिला उम्मीदवार देने के बावजूद द्रौपदी मुर्मू को रामनाथ कोविंद के मुकाबले डेढ़ फीसदी वोट कम मिला है और यशवंत सिन्हा को मीरा कुमार के मुकाबले डेढ़ फीसदी वोट ज्यादा मिला है।



पिछले चुनाव में रामनाथ कोविंद को 65.65 फीसदी वोट मिले थे और मीरा कुमार को 34.35 फीसदी वोट मिले थे। इस बार द्रौपदी मुर्मू को 64 फीसदी और यशवंत सिन्हा को 36 फीसदी वोट मिला है। राष्ट्रपति के पिछले चुनाव के बाद लोकसभा में भाजपा की ताकत बढ़ी है। उसे 2014 के मुकाबले 2019 में ज्यादा सीटें मिलीं। उसकी सहयोगी जनता दल यू को पिछली बार सिर्फ दो सीटें थीं, इस बार लोकसभा में उसके 16 सांसद हैं। शिव सेना ने विरोध में होने के बावजूद पहले की तरह वोट किया। इसके बावजूद भाजपा के उम्मीदवार को पिछली बार से कम वोट मिले तो इसका कारण यह है कि राज्यों में स्थितियां बदली हुई हैं। लोकसभा में तो भाजपा को बहुत ज्यादा वोट मिले लेकिन विधानसभाओं के वोट कम हो गए।

भाजपा देश के ज्यादातर राज्यों में सरकार में है लेकिन इसमें बड़े राज्यों की संख्या बहुत कम है। भाजपा बहुत कम बड़े राज्यों में चुनाव जीत पाई है। बड़े राज्यों में उत्तर भारत में वह सिर्फ उत्तर प्रदेश और बिहार में जीत पाई और दक्षिण भारत में उसके पास सिर्फ कर्नाटक है। पश्चिम में गुजरात और अभी जैसे तैसे महाराष्ट्र में उसने सरकार बनाई। मध्य प्रदेश में भी उसने कांग्रेस की सरकार गिरा कर अपनी सरकार बनाई है लेकिन पिछली बार की तुलना में उसके विधायकों की संख्या में कमी आई है। उत्तर प्रदेश में भी उसके विधायकों की संख्या में अच्छी खासी कमी आई। बड़े राज्यों में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, राजस्थान, पंजाब, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में कांग्रेस या प्रादेशिक पार्टियों की सरकार है।

यहीं कारण है कि राज्यों से द्रौपदी मुर्मू को जो वोट मिले उसके मुकाबले यशवंत सिन्हा के वोट का अंतर बहुत मामूली रहा। विधायकों के कुल 2,284 वोट द्रौपदी मुर्मू को मिले, जबकि 1,669 वोट यशवंत सिन्हा को मिले। इस हिसाब से वोट का अंतर 615 वोट का रहा। लेकिन मूल्य के लिहाज से यह अंतर सिर्फ 64 हजार वोट का है। मूल्य के हिसाब से द्रौपदी मुर्मू को दो लाख 98 हजार 803 वोट मिले, जबकि यशवंत सिन्हा को दो लाख 34 हजार 577 वोट मिले। इसके मुकाबले सांसदों के वोट में द्रौपदी मुर्मू को यशवंत सिन्हा से ढाई गुने से ज्याद वोट मिला। दोनों सदनों के 748 सांसदों ने वोट डाले थे, जिसमें से 540 वोट मुर्मू को मिले और 208 वोट सिन्हा को। मूल्य के हिसाब से देखें तो मुर्मू को तीन लाख 78 हजार वोट मिले और यशवंत सिन्हा को सिर्फ एक लाख 45 हजार छह सौ वोट मिले। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि लोकसभा में भाजपा के पास अकेले तीन सौ से ज्यादा सांसद हैं।

हरिशंकर व्यास

## मिला जुला

# जरहागांव पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी,अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में मिली सफलता

प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोकगायक गोफेलाल गेंदले हरिहरपुर, थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा हत्या के आरोप में जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कुछ दिन पहले मोबाईल से जरहागांव पुलिस को सूचना मिली कि अंतर्गत धरमपुरा से दशरंगपुर के बीच में निर्माणाधिन मुंगेली बिलासपुर मुख्य मार्ग एनएच 130, के किनारे नाले में घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर तत्काल घटना स्थल पहुंचने पर पता चला कि घायल व्यक्ति को 108 एम्बुलेंश आकर जिला अस्पताल ले गए हैं। तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त कर अस्पताल मुंगेली पहुंचकर तस्दीक की गई जहां पता चला कि उक्त युवक की ईलाज दौरान मौत हो गई है। मृतक के सिर में आगे पिछे, आंख,नाक में गंभीर चोट आई है। अज्ञात मृतक के पहचान व जानकारी के सोशल मीडिया का सहारा लिया गया और वाट्सएप ग्रुपों में फोटो वाईरल किया गया। सोशल मीडिया में वाईरल फोटो



देख परिजनों मुंगेली जिला पहुंचे जिन्हें पीएम के बाद शव सौंप दिया गया। परिजनों ने मृतक के हत्या की आशंका पहले से ही थी। परिजनों ने बताया कि गायक गोफेलाल गेंदले के द्वारा चोरी का ट्रेक्टर ट्राली खरिदा गया था। जिसकी जानकारी पुलिस को होने पर मृतक राजकुमार ने चोरी करना स्वीकार कर जेल गया था। घटना के बारे में उच्चाधिकारी मुंगेली पुलिस अधीक्षक चंन्द्र मोहन सिंह तथा उप पुलिस अधीक्षक उचित निर्देश प्राप्त कर जिला करने पर पता चला कि उक्त अज्ञात घायल व्यक्ति की ईलाज सामने तथा पिछे बांये आंख के उपर जबड़े में तथा नाक में गंभीर चोंट लगी थी। पहचान हेतु सोशल मिडिया का तत्काल मृतक का फ ोटो एवं प्रसारित किया गया। दिनांक मृतक के फ ोटो को पहचान कर उसके परिजन जिला अस्पताल मुंगेली पहुंचे तथा मृतक को अपने परिजन राजकुमार पात्रे पिता अश्वनी पात्रे उम्र करीबन 35 वर्ष साकिन हरिहरपुर, थाना नवागढ़, जिला बेमेतरा के रूप में पहचान किया गया। बाद विधिवत कार्यवाही करते हुये मृतक के शव को पीएम कराकर थाना जरहागांव में बिना नंबरी मर्ग डायरी प्राप्त कर मर्ग कमांक 33/22 धारा 174 जाफौ 0 पंजीबद्ध कर जांच कार्यवाही में लिया गया। मृतक के परिजनों के द्वारा जांच के दौरान अपने पुत्र की हत्या करने का संदेह जाहिर किये थे। तथा द्वारा बताया कि लगभग 5.6 माह पूर्व हरिहरपुर निवासी प्रसिद्ध लोक गायक गोफेलाल गेंदले चोरी का ट्रेक्टर ट्राली लिया था। जिसके बारे में पुलिस को पता चलने पर चोरी के आरोप को मृतक राजकुमार पात्रे गोफेलाल गेंदले के कहने पर अपने ऊपर लेकर जेल गया था। जिस दिशा में जॉच आगे बढ़ाते हुए जरहागांव पुलिस द्वारा तत्काल सायबर सेल मुंगेली से तकनिकी मदद ली गई तथा घटना स्थल पर घटना के समय आरोपी गोफेलाल गेंदले की उपस्थिति होने तथा उसके विरूद्ध पर्याप्त सबूत मिलने पर तत्काल गोफेलाल गेंदले को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिस पर वह लगातार पुलिस को भ्रमित कर रहा था तथा अपराध कारित करना स्वीकार पश्चात उससे मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने एवं उसके विरूद्ध संकलित किये गये साक्ष्यों को दिखा कर कड़ाई से पुछताछ करने पर बताया कि आरोपी के द्वारा लगभग 5-6 माह पूर्व एक ट्रेक्टर के ट्रॉली को किसी व्यक्ति से खरिदा गया था,जो चोरी का था तथा पुलिस को पता चलने पर इसके कहने पर मृतक राजकुमार पात्रे चोरी के आरोप को अपने ऊपर लेकर जेल गया था । जिसके बदले में इसके द्वारा मृतक को एक मोटर सायकल एवं कुछ पैसे देने का वादा किया गया था ।

जब मृतक राजकुमार पात्रे जेल से छुटकर आया तब वह पैसे एवं मोटर सायकल के लिये इसे परेशान करने लगा जिससे परेशान होकर वह 20 जुलाई 22 को अपने साथी मनेश अनंत पिता सुखनंदन अनंत के साथ मिलकर उसकी हत्या करने को योजना बनाया तथा घटना 20 जुलाई 2022 को जब राजकुमार पात्रे बिलासपुर से वापस अपने गांव आया तो आरोपी गोफेलाल गेंदले मनीष अनंत मृतक तथा एक अन्य व्यक्ति देवचरण कोसले एक साथ बैठकर ग्राम टेमरी में शराब पीये हैं।

सफलता की कहानी

# आयुष्मान कार्ड योजना से 16534 हितग्राही हुए लाभांवित

12 करोड़ 86 लाख रूपये के नि :शुल्क ईलाज का मिला लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल दिशा निर्देश में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में हितग्राहियो का प्राथमिकता से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिले में 01 अगस्त 2022 से आपके द्वार आयुष्मान अभियान का तृतीय चरण शुरू की जा रही है। इस दौरान 01 अगस्त से 15 अक्टूबर 2022 तक विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। जिसके तहत सभी ग्राम पंचायत स्तर सहित स्कूल, थाना एवं अन्य सार्वजनिक स्थल पर भी आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया जाएगा। शिविर स्थल पर हितग्राहियों को लाने हेतु मितानीन एवं ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सतत् रूप से सहयोग करते हुए



कार्ड बनवाने का कार्य पूर्ण कर रहे है। मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के तृतीय चरण की शुरूआत के साथ ही हितग्राही स्वयं पंजीयन कर कार्ड बना सकते है। जिले में अब तक 63 प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान



भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनातंर्गत जशपुर जिले के 43 शासकीय चिकित्सालय एवं 2 निजी चिकित्सालय पंजीकृत है। जनवरी 2022 से अब तक लगभग 16534 हितग्राही इस इस योजना से लगभग 12 करोड़ 86 लाख 22 हजार रूपये तक का नि:शुल्क ईलाज प्राप्त किए है।

विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना में जिले के 8,63,060 राशन कार्ड धारी हितग्राहियों में से 5,46,007 लोगों के वर्तमान में आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं।

# एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।





छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार हरेली के पावन पर्व पर एक दिवसीय महिला अभ्यास कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन खेलगांव में किया गया। जिसमें महिला कबड्डी खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का दमखम प्रदर्शन किया इस सम्बंध में जानकारी देते हुए ओमकारा स्पोर्ट्स क्लब खेलगांव नवागांव के कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व पहली त्योहार हरेली पर ओमकारा स्पोर्ट्स क्लब व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से पानी टंकी खेलमैदान खेलगांव में एक दिवसीय महिला अभ्यास कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमे प्रथम स्थाम पर चपोरा की टीम द्वितीय स्थान पर मेजबान खेलगांव तृतीय स्थान बछाली खुर्द की महिला कबड्डी टीम रही समापन समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला कबड्डी संघ बिलासपुर जीवन मिश्रा,जिला महामंत्री भाजपा व एलआईसी अभिकर्ता रोहणी बैसवाड़े,खेलगांव सरपंच दरस सिंह श्याम,जितेंद साहू,और जगदीश साहू के द्वारा प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम को अपने अपने तरफ से नगद पुरुष्कार राशि दिया गया। इससे पहले मैदान का पूजा अर्चना कर नारियल फ ोड़ कर कबड्डी आरम्भ किया गया महिला कबड्डी मैच लीग कम नाक आउट पद्धति से खेला गया केवल 12 टीमो को ही प्रवेश दिया गया था। इस प्रतियोगिता को कराने का उद्देश्य खिलाड़ियों को नई ऊंचाई देना है जिससे खिलाड़ी अपनी खेल कौशल का प्रदर्शन राज्य व रास्ट्रीय स्तर पर दिखा सके।

# धरमजयगढ़ लोहरदगा रेललाइन सर्वे की स्वीकृति रचेगी जशपुर जिले में विकास का नया इतिहास -गोमती साय

जोहार छत्तीसगढ़-फरसाबहार।

कोरबा लोहरदगा रेल लाइन का पांच दशक पुरान सपना पूरा होने का समय समीप आ गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने छत्तीसगढ़ की जनता की विकास की जरूरत को महसूस करते हुए। इस रेल लाइन के निर्माण के लिए नए सिरे से सर्वे की स्वीकृति देते हुए 8 करोड़ का बजट जारी कर दिया है। रेल विभाग ने इस सर्वे के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी है। रायगढ़ लोकसभा की सांसद गोमती साय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि धरमजयगढ़, पत्थलगांव लोहरदगा रेल लाइन 240 किलोमीटर और सरडेगा पत्थलगांव रेल लाइन 128 किलोमीटर,स्वीकृत सर्वे कार्य में शामिल है। नीजि कंपनियों द्वारा भरे गए निविदा फ ार्म को अगले माह 8 अगस्त को खोला जाएगा।



इसके साथ ही सर्वे की प्रक्रिया शुरू जाएगी। कोरबा लोहरदगा रेल लाइन का सपना का इतिहास पांच दशक से भी पुरान है। इस रेल लाइन का तीन बार सर्वे पूर्व में भी किया जा चुका है।

जानकारों के अनुसार सबसे पहले 1970 में सर्वे किया गया था। इसके बाद दूसरी बार 1980 में और तीसरी बार यूपी, सरकार में वर्तमान में पश्चिम बंगाल की मुख्य मंत्री सुश्री ममता बनर्जी के रेल मंत्री रहते हुए भी सर्वे कार्य हो चुका है। लेकिन मामला,इससे आगे अब तक नहीं बढ़ पाया है। हालांकि बीते 5 दशक के दौरान इस परियोजना में प्रगति जरूर हुई है। झारखंड के गुमला जिले और छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ होते हुए कोरबा तक रेल लाइन के विस्तार का काम पूरा हो चुका है। अब सिर्फ लोहरदगा से धरमजयगढ़ के बीच का काम शेष रह गया है।

# चरचा आरओ में खदान की छत धसकने से गंभीर हादसा, दर्जनों घायल

## माइनिंग सरदार व ओव्हर मैन समेंत तीन की हालत गंभीर, अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर रेफर

जोहार छत्तीसगढ़–कोरिया।



एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्रान्तर्गत चरचा आरओ खदान में बीती रात्रि 01 बजे हुई दुर्घटना में लगभग दो दर्जन कोलकर्मी घायल हो गये। जिन्हें प्रबंधन द्वारा तत्काल इलाज हेतु रीजनल हॉस्पिटल चरचा कॉलरी में भर्ती कराया गया। जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि देर रात आये भूकंप के कारण चरचा ईस्ट खदान में रूफफ ाल की घटना हुई। तीनों गंभीर रूप से घायलों को बेहतर उपचार हेतु अपोलो बिलासपुर रेफर किया गया है। जिसमें एक सीनियर ओव्हर मैन, माइनिंग सरदार व एक केटेगरी 4 कालरीकर्मी है। घटना की जानकारी मिलने पर प्रबंधन के अधिकारी व बड़ी संख्या में कालरीकर्मियों के परिजन में हॉस्पिटल पहुंच गए थे। मिली जानकारी के अनुसार चरचा आरओ के ईस्ट खदान के 101 पैनल में बीती रात्रि लगभग 01 बजे कोल उत्खनन कार्य के दौरान भूकम्प आने से रूफ फाल की घटना हो गयी। जिसमें कोयला खदान की छत का एक बड़ा हिस्सा भरभरा कर गिर गया। इस वजह से खदान के अंदर एयर ब्लास्ट जैसी स्थिति बन गयी और वहां काम कर रहे कोलकर्मी प्रेशर से हवा में उड़ गये। तथा वहां काम करने वाले लगभग दो दर्जन कोलकर्मी घायल हो गए। एयरब्लास्ट के कारण कोलकर्मियों के चेहरे व पूरे शरीर में कोल डस्ट की मोटी परत जम गई व खरोंच के साथ दाने उभर आये। खदान दुर्घटना की जानकारी मिलते ही प्रबंधन ने आनन फ ानन में सभी घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से रीजनल हॉस्पिटल भिजवाया। हॉस्पिटल में तैनात डॉ. एसपी वर्मा, डॉ चन्द्रेश पटेल, डॉ विविन के साथ मेडिकल स्टाफ आराधना सैमुअल, रुमिला बरवा, जागेश्वर गुप्ता व अन्य स्टॉफ ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। सीएमओ डॉ के. सरकार आवश्यक कार्य से बाहर होने के बावजूद मोबाइल के माध्यम से पूरी स्थिति पर नज़र बनाये रखी व आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस दौरान घायलों में सिर में चोट लगने से तीन लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें तत्काल अपोलो अस्पताल बिलासपुर रेफर किया गया। जिसमें माइनिंग सरदार इंद्रजीत पाल, सीनियर ओव्हरमैन संजीव कुमार सिंह व केटेगरी 04 कालरीकर्मी नोहरदास शामिल है। अन्य घायलों में प्रभात सिंह, बाबूलाल मेहरा, राजेश कुमार बैगा व श्यामसुंदर मेहरा शामिल है। सामान्य रूप से घायल रमेश, दिनेश, सीमांकन, विक्रम, विकास, दीपक, उमाशंकर, सम्राट घोष, बाबूलाल सेट्ठी व नंदन कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया।

अभी तक खदान दुर्घटना के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। इसकी वजह भूकंप है या प्रबंधन की लापरवाही वहीं एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारी भी इस मामले में कुछ भी बोलने से बचते रहे। फिलहाल सामान्य रूप से घायलों का उपचार जारी है। इलाज के बाद स्थिति सही होने पर कुछ लोगों को डिस्चार्ज किया जा रहा है।



**रेफरल सेंटर बना रीजनल हॉस्पिटल, मेडिकल स्टॉफव आवश्यक दवाओं की कमी**

### रेफरल सेंटर बना रीजनल हॉस्पिटल चरचा

एसईसीएल चरचा आरओ का रीजनल हॉस्पिटल इन दिनों रेफरल सेंटर बन गया है। हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों व अन्य मेडिकल स्टॉफ की कमी है। यहां आवश्यक दवाओं का भी अभाव बना रहता है। इस बाबत चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा कई बार एसईसीएल के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। मैनेजमेंट के अधिकारियों व वेलफेयर बोर्ड के आने पर बिल्डिंग को चकाचक करा कर दिखा दिया जाता है। जबकि अंदरूनी हालत बदतर हैं। यहां एग्रीमेंट के तहत एम्बुलेंस का संचालन किया जा रहा है। संविदा में एम्बुलेंस चला रहे वाहन चालकों को महीनों वेतन नहीं मिलता है। नियमित रखरखाव ना होने धीरे-धीरे एम्बुलेंस की हालत भी कंडम होते जा रही है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिए बेहतर इलाज के निर्देश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा कालरी क्षेत्र में कल रात भूकंप की घटना में घायल तीन कोल कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। गत रात्रि माइनिंग क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे तीन कर्मचारी भूकम्प के कम्पन महसूस होने पर रूफफाल व एयरब्लास्ट के कारण घायल हो गए। जिनका उपचार बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में कराया जा रहा है, अभी उनकी स्थिति पहले से बेहतर है।

### एक महीने में दो बार आ चुका है भूकंप

*बीती रात लगभग 01 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से करीब 23 किलोमीटर दूर उत्तर पश्चिम क्षेत्र सोनहत में था। भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 4.6 मापी गई है। भूकंप के झटके सोनहत एवं रामगढ़ के इलाकों में महसूस किए गए। वहीं जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित आसपास के लोगों को भी भूकंप का हल्का झटका महसूस हुआ। हालांकि भूकंप का अंतराल इतना कम था कि लोगों को इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा। भूकंप से कहीं भी कोई नुकसान की खबर नहीं है। विदित हो कि गत 11 जुलाई को सुबह 8 बज कर 10 मिनट पर भी इसी इलाके में 4.3 रिक्टर तीव्रता वाला भूकम्पीय झटका महसूस किया गया था। आज उत्पन्न भूकम्पीय तरंग का एपीसेन्टर भूसतह से लगभग 16 किमी जमीन के भीतर था।*

# जिले के सभी जनपदों के गौठानों में गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हरेली का त्यौहार

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।



**कृषि उपकरणों की विधिवत पूजा कर अच्छी फसल, सुख समृद्धि व हरियाली की कामना की गई**

**गौठानों में गेड़ी, कुर्सी दौड़, मटका फोड़ सहित अन्य प्रतियोगिता का भी किया गया आयोजन**

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में पूरे जिले के सभी जनपदों के गौठानों में पारंपरिक त्यौहार हरेली को गरिमामय ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जशपुर जनपद के तुरीलोदाम, मनोरा के गीधा, गजमा, दुलदुला के पतराटोली, कांसाबेल के बगिया, पत्थलगांव के बहनाटांगर सहित अन्य गौठानों जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में परंपरागत तरीके से कृषि उपकरणों की विधिवत पूजा अर्चना कर हरेली त्यौहार मनाया गया। अतिथियों द्वारा सभी को हरेली पर्व की शुभकानाएं देते हुए अच्छी फसल, चारों ओर सुख समृद्धि व हरियाली की कामना की गई। हरेली का पर्व हमारी गौरवशाली छत्तीसगढ़ी संस्कृति की पहचान है। परंपरागत रूप से खेती,किसानी, हरियाली और पर्यावरण को समर्पित हरेली त्यौहार छत्तीसगढ़ के लोगों के प्रकृति प्रेम को दर्शाता है।

हरेली पर्व के अवसर पर गौठानों में गेड़ी दौड़, कुर्सी दौड़, मटका फोड़ सहित विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही समूह की महिलाओं द्वारा पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन भी तैयार किए गए। इन प्रतियोगिताओं में बच्चे, युवाओं सहित पूरे ग्रामवासी बड़े उत्साह से शामिल हुए। पत्थलगांव के बहनाटांगर गौठान में हरेली के अवसर पर गौमूत्र खरीदी कार्य प्रारंभ किया गया साथ ही अनेक मनोरंजक प्रतियोगिता का आयोजित हुए।



# चोरभट्टी ग्राम का पुछा तालाब फूटा, निस्तार संकट से ग्रमीण त्रस्त

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।



जिला मुख्यालय से सटे ग्राम चोरभट्टी का पूछा तालाब पिछले दिनों की बारिश में अत्याधिक पानी का दबाव न सह पाने से मेडपार मध्य में टूट गया है। इससे तालाब में संग्रहित समूचा पानी बहकर निकल गया। अब तालाब में नाम मात्र को भी पानी नहीं रुक पा रहा है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सोरिद के आश्रित ग्राम चोरभट्टी मैं अकेले पूछा तालाब से ग्रामीणों की आम निस्तारी होती रही है। अब तालाब के टूट जाने से ग्रामीणों के समक्ष 19 तारीख का संकट उत्पन्न हो गया है। आने वाले समय में निस्तार संकट के और भी गहरा ने की बात से इनकार नहीं किया जा सकता। ज्ञातव्य है ग्राम चोर भट्टी के उक्त तालाब का निर्माण दो दशक पूर्व पंचायत के माध्यम से करवाया गया था। पिछले वर्षों तक तालाब के गहरीकरण व मरम्मत आदि के कार्य होते रहे हैं लेकिन अतिरिक्त पानी की निकासी ;उलटद्ध का प्रबंधन उचित ढंग से ना होने से अंततः तालाब टूट फ ूट का शिकार हो गया। ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर प्रसाद ध्रुव के अनुसार हालांकि तालाब के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी से अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है लेकिन चालू वर्षा काल में क्षतिग्रस्त तालाब का मरम्मत हो पाना संभव नहीं दिखता, जाहिर है आने वाले समय में निस्तार समस्या विकराल रूप धारण कर लेगी।

## जिला न्यायालय में विडियों कांफ्रेंसिंग के जरिए, मामलों की सुनवाई

**कवर्धा ।** जिला न्यायालय कबीरधाम में विगत शुक्रवार से विडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई शुरू की गयी। जिला न्यायालय में पदस्थ एडीजे लवकेश प्रताप सिंह बघेल एवं अध्यक्ष जिला न्यायालय कम्प्यूटर कमेटी द्वारा बताया गया की छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरूप कुमार गोस्वामी एवं कबीरधाम जिले के पोर्टफोलियो न्यायाधीश न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू की पहल से विडियों कांफ्रेंसिंग से ही प्रदेशभर के न्यायालयों के विचाराधीन बंदियों के अपराधिक प्रकरणों की सुनवाई होनी है। इसके लिए अब एक लिंक जारी किया गया है, जिसे क्लिक कर न्यायालय से जुड़ सकते हैं उक्त लिंक जिला न्यायालय के अधिकारिक वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। विगत शुक्रवार को कवर्धा जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीता यादव के निर्देश में एक ही दिन में विचाराधीन बंदियों के सभी प्रकरणों की सुनवाई की गयी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में एक, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कबीरधाम के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश कवर्धा के न्यायालय में पांच प्रकरण, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटी.एस.सी. (पॉक्सो) में एक प्रकरण, अपर सत्र न्यायाधीश (एफ्टीसी) में दो प्रकरण, अपर जिला न्यायाधीश के न्यायालय में एक प्रकरण, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पण्डरिया में एक प्रकरण की सुनवाई पूरी की गई। जेलां से विचाराधीन बंदियों की विडियों कांफ्रेंसिग के माध्यम से सुनवाई की गई।

# एसपी ने ली जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा मीटिंग

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्ष मीटिंग लिया गया। जिसमें थानाध्चौकी में लंबित अपराध/मर्ग शिकायत/गुम इंसा्न लंबित वारंटध् 173;8 जाफ ौ/लंबित माल की थानावार जानकारी ली जाकर समीक्षा किया गया। लंबित मामलो का राजपत्रित अधिकारियो के सुपरविजन में शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया गया। महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराध को एक अभियान चलाकर यथाशीघ्र निराकरण करने, स्थाई और गिरफ्तारी वारंटी की पतासाजी कर यथाशीघ्र तामील करने, अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा एवं अन्य नशीली दवाओं पर लगाम लगाने हेतु लघु अधिनियम के तहत अधिकाधि कार्यवाही करने, धारा 107, 116 ;3, 109, 110 जाफौ के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, थानो में पंजीबद्ध चिटफंड कंपनी के विरूद्ध अपराध का जल्द से जल्द निकाल करने तथा यौन उत्पीडन/अन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं/उत्तरजीवियों के लिए क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत आने वाले अपराधों के कारित होने पर राज्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रकरण प्रस्तुत कर पीड़िता को न्याय और पीड़ित को पीडित क्षतिपूर्ति योजना का लाभ मिल सके तथा बाहरी लोगों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखने जमीन संबंधी विवाद शिकायत पर तत्काल राजस्व विभाग को पत्राचार कर वैधानिक कार्यवाही कर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त थानाध्चौकी प्रभारियों को सोशल मीडिया पर सतत् निगाह रखने, सोशल मीडिया पर यदि कोई झूठी अफ वाह फैलाने वाली पोस्ट/ऑडियों विडियो प्रसारित होने पर उसका खण्डन कर झूठी अफ्वाह फैलाने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करनेए ऑनलाईन फायनेंसियल फ्राड, साइबर क्राईम, सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे अपराधों के संबंध में आम जनता को जागरूक करनेए ऑनलाईन फायनेंसियल फ्ाड की रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करने, चिटफ ण्ड कंपनियों द्वारा आम जनता ठगी का शिकार न हों, इसके लिए हर स्तर के अधिकारी को पूरी सतर्कता बरतने, राजपत्रित अधिकारियो एवं थाना/चौकी प्रभारियो को अपने.अपने क्षेत्रो में पुलिस जनदर्शन का आयोजन कर आमजनो की समस्याओं शिकायतों को ध्यान से सुनकर उचित कार्यवाही करनेए थाना में रिपोर्ट करने आये महिला आगंतुक रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा थानाध्चौकी क्षेत्रों में अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप का प्रचार प्रसार कर ऐप डाउनलोड कराने एवं नागरिकों में ट्रैफिक सेंस विकसित करने जागरूकता अभियान चलाने एवं रात्रि गश्त को बढाये जाने के संबंध में निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी, एसपी स्टेनों अजय कुमार देवांगन, एसपी रीडर विनोद शर्मा सहित पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 10 दिवसीय नाचा प्रशिक्षण का हुआ रंगारंग समापन

## सांस्कृतिक संस्था स्वरधारा राजनांदगांव और संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़–राजनांदगांव।



**विधायक दलेश्वर साहू व महापौर हेमा देशमुख ने कलाकारों को किया सम्मानित**

अंचल की प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था व लोक कलामंच के माध्यम से पहचान बना चुकी राजनांदगांव की स्वरधारा एवं संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के लोक कलामंचों की पहचान नाचा पद्धति से दूर होते लोक कलाकारों को पुनः जोड़ने के उद्देश्य से 10 दिवसीय नाचा प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन पिछले दिनों मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ स्थित बर्फानी सभागृह में आयोजित किया गया था। समापन समारोह के मुख्य अतिथि दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव विधानसभा, अध्यक्षता नगर की प्रथम नागरिक महापौर हेमा सुदेश देशमुख व राजेश मारु अध्यक्ष मितान लोक कलाकारों के संगठन हर्षकुमार बिंदु,जयश्री साह,संतोष पिल्ले चेयरमेन व पार्षद के विशिष्ट आतिथ्य व विष्णु कश्यप, तिलक राज, गोविंद साव, मुन्ना बाबू, किशुन साहू, महादेव हिरवानी, नरेन्द्र साहू, भूषण नेताम, देवेन्द्र रामटेके, महेश्वर साहू, भागवत सिन्हा विनोद गौतम, बाबूलाल देवांगन की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वरधारा परिवार, धरोहर के साथ ही प्रशिक्षु लोक कलाकारों के द्वारा सुवा, कर्मा नृत्य व नाचा प्रहसन की शानदार प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। बर्फानी सभागृह में आयोजित स्वरधारा परिवार एवं छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग द्वारा अंचल की लोक कलाकारों को नाचा पद्धति से जोड़ने के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन करते हुए मुख्य अतिथि डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे कला से प्रेम है और मैं कला का सम्मान करने के लिए भी आप सभी के बीच प्रसंशक के रूप में पहुंचा हूं। 10 दिवसीय प्रशिक्षण का लाभ लोक कलाकालों को अवश्य मिलेगा। नाचा को लोक मंडई महोत्सव में भी बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस बार होने वाले आयोजन में समावेश किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नगर निगम की महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि नवप्रशिक्षु नाचा लोक कलाकारों ने छत्तीसगढ़ संस्कृति के माध्यम से एक संदेश लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जो लोगों को दिमाग में प्रभाव डालता है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की तारीफ करते हुए कहा कि लोक संस्कृति व लोक कलाकारों को उनकी सरकार प्रोत्साहित कर रही है। अच्छे आयोजन के लिए अयोजन समिति धन्यवाद की पात्र है। इस अवसर पर नव प्रशिक्षित लोक कलाकारों के द्वारा सुवा नृत्य, कर्मा नृत्य के साथ ही नाचा प्रशिक्षण में प्राप्त प्रशिक्षण के आधार पर नाचा की शानदार प्रस्तुति से लोगों को आनंदित किया व उपस्थिति जनों ने इन कलाकारों को प्रोत्साहित भी किया। अंचल के भर्रेगांव, पेंड्री, बांधाबाजार, बाम्हण भेड़ी, अंबागढ़ चौकी, कौड़ीकसा, जंगलपुर,रामपुर, कन्हारपुरी, छुरिया, मोखला, अर्जुंदा, मनकी सुरडरडुंग भिलाई, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, ककरेल सहित शहर के लगभग 80 नवीन कलाकारों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित एवं प्रशिक्षु लोक कलाकारों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुमुद किशोर शुक्ला ने किया।

## एक नजर

### घटिया सोच कांग्रेस को रसातल में ले जायेगी-माधवी सिका

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।



देश आजादी के 75वे वर्ष मे अमृत महोत्सव मना रहा हैं एंव भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर के बिचारों को जीवंत कर के खुशियां मना रहा है तब कांग्रेस की सामन्तवादी और परिवार वादी पार्टी को अत्यंत कष्ट हो रहा है । समाज के अंतिम छोर का प्रतिनिधित्व करने वाले जन जाति की एक महिला आज देश के सर्वोच्च स्थान पर पहुंच चुकी है। उनके सम्मान के लिए दो शब्द कहने के बजाय लोकसभा मे कांग्रेस नेता द्वारा जनजाती महिला राष्ट्रपति को लेकर घटिया शब्द का प्रयोग कर ओछी मानसिकता प्रदर्शित कर रहे है। वार्ड 9 की पार्षद माधवी सिका ने कहा की देश के सर्वोच्च पद को सुशोभित करने वाली जनजाति महिला के संघर्ष का सम्मान करते हुए जहा कई विपक्षियों ने उन्हें पार्टी लाइन से हटकर जिताया है। वही कांग्रेस पार्टी के नेताओ की घटिया सोच भी मुखर रही है। देश जनता ऐसे अलोकतान्त्रिक नेताओ की शर्मनाक करतूत को बहुत गंभीरता से देख रही है और समझ रही है। आनेवाले समय में देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस देश मे कांग्रेस मुक्त भारत का सपना साकार होगा और यही कांग्रेस के नेता लोग तमाशा देखते रहेंगे।

### अग्नि स्नान कर शिक्षिका ने दी जान

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

जिले के बागबाहरा नगर वार्ड क्रमांक 11 बाजार पारा निवासी शिक्षिका शीतल महानंद परिवारिक कला से त्रस्त होकर अग्नि स्नान कर लिया। युवती शीतल महानंद बागबाहरा के कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में गैर अनुदान संविदा शिक्षकों के पद पर कार्यरत थी। घटना के पूर्व मृतिका ने नव पृष्ठ का सुसाइड लोक लिखकर उसे अपने फेसबुक में पोस्ट भी किया था। अपने पत्र में शीतल ने अपनी मौत के लिए अपने ही परिवार मां भाई भाभी के ऊपर जिम्मेदार होने का आरोप लगाया है। बागबाहरा पुलिस द्वारा घटनास्थल से बहुत ही साक्ष्य एकत्रित करने के बाद आगे की कार्रवाई के साथ मृतिका के परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

### मदिरा दुकान के बाहर से दुपहिया वाहन पार

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

बाइक खड़ी कर शराब खरीदने गए युवक की बाइक किसी अज्ञात में पार कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफएभारतीय दंड विधान की धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम बरेकेल निवासी दिलीप भारद्वाज 36 वर्ष ने बताया कि वे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीक्यू 14086 को गुरुवार की शाम झलक स्थित शराब दुकान के सामने खड़ी कर शराब खरीदने के बाद जब वापस आया तो बाइक अपने जगह से गायब थी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफदर्ज कर लिया है।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्माहत्या

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

सरायपाली थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार सराईपाली के वार्ड क्रमांक 1 वीरेंद्र नगर निवासी सूरज साहू 28 वर्ष में बीते 27 जुलाई को अपने घर के कमरे में अज्ञात कारणों से गमछा के जरिए न्यायालय में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस मर्ग दर्ज कर विवेचना में जुटी हुई है।

### मंजर ही बदल कर रख दिया एक शिक्षक की साधना ने

#### पथरीली जमीन को ओढ़ाई हरियाली की चादर

#### विभिन्न फलो-फूलो और औषधियों के पौधे करते हैं आकर्षित

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

जिस पथरीली जमीन पर घास भी नहीं उगती थी उस जमीन को हरा-भरा बनाने की कल्पना शायद ही कोई करें मगर जिले के बसना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जाड़ामुड़ा के शिक्षक तेजकुमार प्रधान ने इसे चुनौती के रूप में स्वीकार किया और चार पांच सालों में उस पथरीली जमीन को हरा भरा, बनाने का करिश्मा कर दिखाया। जाड़ामुड़ा निवासी तेजकुमार प्रधान की बागवानी को देखकर लोगों को आश्चर्य होता है। तेज कुमार प्रधान पेशे से शिक्षक हैं। उन्होंने वृक्षारोपण को जीवन का ध्येय बना लिया है। शिक्षकीय कार्य से जब भी फुर्सत मिलता है। तो वे पेड़ पौधों की सेवा जतन में ही लग जाते हैं। उनकी बाड़ी में फल फूल के साथ-साथ कई औषधीय पौधे लगे हुए हैं जिसे ।

# आकाशीय बिजली गिरने से 6 की मौत, 6 घायल







जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

जिले के सराईपाली क्षेत्र में खेत में काम कर रहे 11 मजदूरों पर आकाशीय बिजली गिर गई। इससे 5 महिलाओं की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बेहोशी की हालत में सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां 5 महिलाओं को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महासमुन्द जिले के सिंघोडा थाना क्षेत्र के घाटकछार गांव की घटना है। आज दोपहर में खेत में काम कर रहे थे 11 श्रमिक। बता दें किए खेत मे रोपाई का काम कर रहे लोगों पर बिजली गिर गई। हादसे में जानकी, लक्ष्मी यादव, बसंती नाग, जमोवती और नोहरमति की मौत हो गई है। वहीं पंकजनीं, पार्वती मालिक, तपस्वनी, पुन्नी, गीतांजलि और शशि मांझी घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सराईपाली अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिंघोड़ा थाना प्रभारी केशव कोसले ने बताया है किए ग्राम घाटकछार मे आसमान से बिजली गिरने से पांच लोगों की मौत हो चुकी है। बाकी 6 लोग घायल हैं, जिसे सराईपाली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी का इलाज जारी है। एक अन्य घटना में बसना क्षेत्र के मधुबन साजपाली, में मवेशी चरा रहे चरवाहे की गाज गिरने से मौत हो गई।

## ग्रामीण अंचलों में छत्तीसगढ़ की पुरानी परंपरा और संस्कृति को सहेज कर रखा गया-योगेश तिवारी

### भिम्भौरी में हरेली त्योहार में किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



विधानसभा के ग्राम भिम्भौरी में हरेली त्योहार के अवसर पर आयोजित समारोह में किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए इस दौरान मंदिर परिसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिता और पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर किसान नेता ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भी ग्रामीण अंचलों में छत्तीसगढ़ की पुरानी परंपरा और संस्कृति को सहेज कर रखा गया है। आज की युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की ओर आकर्षित हो रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। युवाओं को अपने देश और राज्य की संस्कृति व त्योहार से अवगत कराने इस तरह के आयोजन जरूरी है। हरेली पर्व पर प्रकृति पूजा के साथ ही पर्व, त्यौहारों का शुभारंभ होता है। हरेली मध्य भारतीय राज्य छत्तीसगढ़ का क्षेत्रीय त्यौहार है। जैसा नाम से ही पता चलता है इसका संबंध हरियाली से है। यह प्रकृति के प्रति प्रेम और समर्पण का त्यौहार है, जिसे छत्तीसगढ़ में प्रथम त्यौहार के रूप में सामूहिक ढंग से मनाया जाता है। इस अवसर पर गांव में गेड़ी दौड़, मटका फोड़ और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिस के विजेताओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। इस दौरान टीकम वर्मा, सत्यनारायण तिवारी, अरुण वर्मा, सनत वर्मा, सेवाराम, राकेश परगहनिया, मनोज वर्मा, चंद्रिका पाटिल, राकेश पाटिल, आशा राम, संतोष पाटिल, अशोक पाटिल, सोहन पाटिल, रामअवतार पाटिल, सोमेश पाटिल, हेमलाल पाटिल, प्रवीण पाटिल, तुषार पाटिल, विक्रम पाटिल, प्रकाश, गजेंद्र, मनोज वर्मा, अभिजीत, कमलेश वर्मा, चमन पाटिल आदि उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान 31 जुलाई 2022 तक अपनी फसलों का करा सकते है बीमा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष 2022 में कृषकों को बीमा आवरण में शामिल होने की अंतिम तिथि 15 जुलाई को बढ़ाकर 31 जुलाई 2022 किया गया है। कृषि विभाग के उप संचालक ने जानकारी देते हुए बताया है कि कृषकों को खरीफ फसल हेतु बीमा आवरण में सम्मिलित होने के लिए अब केवल 01 दिवस शेष है। वर्तमान में जिले में कुल 21493 आवेदनों के कुल 10168 हेक्टेयर रकबा का बीमा किया गया है। अद्यतन कुल कृषक प्रीमियम राशि 66.57 लाख रुपये है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसल हेतु अधिसूचित फसल यथा सिंचित, असिंचित धान, मक्का, अरहर, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन और उड़द फसल का बीमा कराया जा रहा है। इन फसलों का ओलावृष्टि, भूस्खलन, जल भराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली जैसे प्राकृतिक आपदाओं, कीट एवं रोगों के परिणाम स्वरूप अधिसूचित फसलों के नष्ट होने की स्थिति में किसानों को बीमा का लाभ दिया जाएगा। यह बीमा बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा की जायेगी।

## हरेली के अवसर पर बगीचा के राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



बगीचा विकासखंड के नगरीय क्षेत्र में एसडीएम एव सीएमओ बगीचा व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर हरेली पर्व मनाया गया। साथ ही गौठान एवं मुक्तिधाम सहित आस-पास के क्षेत्रों में पौधरोपण भी किया गया। हरेली के अवसर पर बगीचा के राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों द्वारा रामकृष्ण आश्रम परिवार के सहयोग से विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्लब के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया साथ ही अपनी कला को प्रदर्शन किया।



## बिहान कैफेटेरिया संचालन कर आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो रही समूह की महिलाएं

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक बिहान योजना द्वारा जिले के ग्रामीण अंचलों में महिला सशक्तीकरण के लिए महिलाओं को समूह से जोड़कर पारम्परिक गतिविधियों के अलावा अन्य रोजगार मूलक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में विकासखण्ड महासमुन्द के जय मां चण्डी महिला स्व.सहायता समूह, ग्राम खैरा के सदस्यों द्वारा आजीविका गतिविधि के रूप में बिहान कैफेटेरिया की शुरूआत अगस्त 2021 से किया गया है। समूह की सदस्यों द्वारा बताया गया कि वर्ष जनवरी 2021 में जय मां चण्डी महिला स्व.सहायता समूह ग्राम.खैरा का गठन छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन शिबहानश् के तहत् किया गया। जिसमें समूह सदस्यों द्वारा आपसी बचत के माध्यम से एवं योजना के द्वारा सामुदायिक निवेश कोष की राशि को मिलाकर बिहान कैफेटेरिया का संचालन जिला पंचायत कार्यालय महासमुन्द में चाय, नास्ता, छत्तीसगढ़ी व्यंजन, भोजन आदि बनाने का कार्य प्रारम्भ किया। जिला पंचायत महासमुन्द कार्यालय में प्रतिदिन आने वाले आम-जन, शासकीय अधिकारी कर्मचारी को भोज्य सामग्री बिहान कैफेटेरिया के माध्यम से आसानी से उपलब्ध हो रहा है। बिहान कैफेटेरिया के आसपास अन्य शासकीय कार्यालय जैस.जिला एवं सत्र न्यायालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी बिहान कैफेटेरिया में आकर विशेषतः छत्तीसगढ़ी व्यंजन का आनंद लेते है। जिसमें चिला, फरा ठेठरी, खुर्मी, अईरसा, सलौनी, मूंग उडदबड़ा, साबुदाना बड़ा इत्यादि शामिल है। इसके अतिरिक्त जिला कार्यालय में आयोजित होने वाले बैठक, कार्यशाला, प्रशिक्षण इत्यादि में चाय, नाश्ता एवं भोजन का आर्डर बिहान कैफेटेरिया के माध्यम से पूर्ति की जाती है। बिहान कैफेटेरिया के संचालक जय मां चण्डी महिला स्व.सहायता समूह की अध्यक्ष राधा साहू ने बताया कि लगभग एक वर्ष से संचालित बिहान कैफेटेरिया के माध्यम से समूह द्वारा लगभग पांच लाख रुपए तक का विक्रय कर चुके है। जिससे सदस्यों को आर्थिक रूप से अपने परिवार में सहयोग करने का अवसर प्राप्त हुआ है। बिहान योजना के माध्यम से एवं जिला पंचायत महासमुन्द कार्यालय द्वारा बिहान कैफेटेरिया के संचालन के लिए भवन, बिजली एवं फर्नीचर की व्यवस्था किया गया है। जिसके लिए समूह के सभी सदस्यों द्वारा जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है तथा समूह से जुड़े सदस्यों द्वारा बिहान योजना से जुड़ने के पश्चात् आजीविका के रूप में कैफेटेरिया संचालन का कार्य मिलने से खुशी जाहिर किया हैं।

## एक नजर

### दूसरे राज्य की कला एवं संस्कृति को समझने नुत्रृचा का हुआ चयन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत सरकार द्वारा एक राज्य से दूसरे राज्य की कला एवं संस्कृति को सीखने एवं समझने के लिए देश के सभी राज्यों में से दो-दो राज्यों की जोड़ी बनाई गई है। जिसमें छत्तीसगढ़ और गुजरात की जोड़ी बनाई गई है। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से एक-एक बच्चों का चयन किया जाता है। इस हेतु बेमेतरा के स्वामी आत्मानंद स्कूल से नुत्रृचा साहू का चयन हुआ है। गुजरात में अपने छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं अपने बेमेतरा जिले का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है।

### कुनकुरी के प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला घटमुण्डा के जीर्णोद्धार हेतु 13 लाख 54 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुनकुरी विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला घटमुण्डा भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर होने के कारण भवन की मरम्मत हेतु प्राक्कलन तकनीकी स्वीकृति सहित तैयार कराकर बीईओ कुनकुरी द्वारा प्रस्तुत किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि दोनों स्कूल भवनों के जीर्णोद्धार हेतु 13 लाख 54 हजार की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित कर दिया गया है। जिसमें प्राथमिक शाला घटमुण्डा हेतु 5 लाख 28 हजार एवं पूर्व माध्यमिक शाला घटमुण्डा हेतु 8 लाख 26 हजार शामिल है।

### महिला नसबंदी हेतु निर्धारित प्रकरण से अधिक प्रकरण भेजने पर संबंधित को नोटिस जारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिले में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 11 से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला नसबंदी हेतु प्रतिदिन अधिकतम 20 हितग्राही भेजने हेतु विकासखण्डों को निर्देशित किया गया है। विगत दिवस 14 जुलाई को विकासखण्ड फरसाबहार के द्वारा निर्धारित कोटे से अधिक प्रकरण महिला नसबंदी हेतु जिला चिकित्सालय को भेजा गया। जिससे महिलाओं में आक्रोश एवं चिकित्सालय में अप्रिय स्थिति निर्मित हुई। उक्त हेतु फरसाबहार बीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला चिकित्सालय की सर्जन डॉ. उषा लकड़ा के अवकाश में जाने के कारण कांसाबेल के डॉ. एस. तिर्की सर्जन की ड्यूटी लगायी गयी है जिनके द्वारा महिला नसबंदी सम्पादित की जा रही है। समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को जिला चिकित्सालय जशपुर से समन्वय कर निर्धारित संख्या में ही प्रकरण भेजने हेतु पुनः निर्देशित किया गया है।

### पसान पुलिस ने कैंप लगाकर नशा के खिलाफ किया जागरूक

**कोरबा** । निजात अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के मार्गदर्शन में कोरबा जिले के अंतिम छोर पर पसान पुलिस इन दिनों थाना क्षेत्रों के गांवों में जाकर लोगों की समस्या सुनने चलित थाना लगा रही हैं। साथ ही नशे के खिलाफ निजात कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंग पदस्थापना के बाद से जिले मे चलाय जा रहे नशा बंदी के खिलाफ निजात अभियान के तहत 27 जुलाई को थाना पसान पुलिस के द्वारा साप्ताहिक बाजार पसान मे लोगो को नशा के खिलाफ जागरूक करने हेतु अभियान चलाया गया। लोगो को नशा से दूर रहने की समझाइस दी गयी। नशा जैसे सामाजिक बुराइयों से दूर रहने को कहा गया। निजात अभियान के तहत शहर के चौक चौराहा मे लोगो को जागरूक करने निजात अभियान के तहत पोस्टर लगाया जा रहा है यह अभियान आगे भी ऐसे ही चलता रहेगा। सरहदी जिलो से होने वाले मादक पदार्थो की तस्करी पर भी कारगर प्रभावी कार्यवाही किये जाने की बात पसान थाना प्रभारी एस के धारी के द्वारा कही गई। पुलिस थाना पसान के थाना प्रभारी एस के धारी अपने स्टाफ के अन्य अधिकारियों के साथ थाना क्षेत्रों के गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों को साइबर क्राइम से बचने जागरूक कर रहे हैं। ताकि आनलाइन से ठगी के शिकार न हो, ताकि कई तरह के अपराधों से भी बचा जा सके। पसान पुलिस आम लोगों व पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो इस लिए लोगों को जागरूक भी कर रहे है। ताकि लोग पुलिस अधिकारी और जवानों के सामने अपनी समस्या खुलकर रख सकें व बता सकें।

## घर में घुसकर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




थाना पोड़ी में 6 जुलाई 22 को आवेदिका लीला सिंह निवासी चीताझोर चौक पोड़ी के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। कि इनकी लड़की मंजू घर से बाहर गई थी घर में ताला बंद था कि बीते रात अज्ञात चोर पीछे से दीवार फंद कर घर में घुसकर अलमारी से 45000 रुपए नगद व कुछ जेवर चोरी कर ले गए हैं की रिपोर्ट पर धारा 457 380 भा द वि का अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी और मौके पर डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया था। कि नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल के द्वारा अज्ञात चोरों का शीघ्र पता करने हेतु हिदायत दिया गया था कि नगर पुलिस अधीक्षक पी पी सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुनील सिंह व स्टाफ की एक टीम बनाकर आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी तभी जानकारी मिली अज्ञात आरोपी मनेंद्रगढ़ तरफ के हैं जिनके बारे में जानकारी एकत्रित कर मनेंद्रगढ़ पुलिस की मदद से आरोपी अमन केवट को पकड़ा जा कर हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ करने पर अपने साथी अनिल यादव एवं सनी दुबे के साथ मिलकर मोटरसाइकिल से आकर चोरी की घटना करना स्वीकार किया तथा हिस्से इसे 2500 रुपए मिला था बताया चोरी किए बैंक पासबुक एटीएम कार्ड दस्तावेजों को साजा पहाड़ रोड तरफ जला दिए थे बताया चोरी का मास्टरमाइंड सनी को होना बताया है आरोपी अमन केवट पिता राकेश केवट उम्र 22 वर्ष निवासी बस स्टैंड मोहल्ला मनेंद्रगढ़ थाना मनेंद्रगढ़ से चोरी का नगद रकम जप्त कर उसे 28 जुलाई 22 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया इसके दो अन्य साथियों को अभी पकड़ा जाना शेष है जिसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

## भाजपा की गोहरापदर में पार्टी कार्यक्रम को लेकर योजना बैठक समपन्न

### दफ्तरों में राष्ट्रपति का फोटो और कार्यकर्ता के घर तिरंगा लगायेगी भाजपा

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



भाजपा के प्रदेश संगठन के निर्णय लेने के बाद गरियाबंद जिलाध्यक्ष राजेश साहू के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी गोहरापदर मंडल ने बुधवार को मंडलस्तरीय बैठक रख पार्टी के आगामी कार्यक्रमो पर योजना बनाई। अध्यक्ष के निवास में संपन्न हुई दो घंटे से अधिक समयावधी के बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयो पर चर्चा की गयी। इस बैठक में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी सहित रामरतन मांझी, मंडल अध्यक्ष गुरूनारायण तिवारी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप के अलावा महामंत्री तान सिंह मांझी स्वच्छता भारत अभियान जिला संयोजक भोजराज सिन्हा, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक संजय दुबे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष लंबोदर साहू, अजा मंडल अध्यक्ष दीपचंद कश्यप, अजजा मंडल अध्यक्ष बेनूराम नागेश, भाजयुमो गोवर्धन मरकाम, भाजयुमो जिला प्रचार प्रसार मंत्री चंद्रप्रकाश साहू, राजेंद्र यादव, प्रकाश कश्यप, दुबेराम ध्रुवा, गणेशराम नागेश, अशोक नागेश, प्रेमसिंह यादव, सोभित नेताम, गुनसागर यादव, पद्मन नागेश, सुरेश यादव, रोहित नागेश सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### दफ्तरो में महामहिम के फोटो और कार्यकर्ता के घर तिरंगा होगा

भाजपा अब 25 से 30 जुलाई के बीच भारत के महामहिम द्रोपदी मुर्मु के फोटो प्रत्येक दफ्तर में लगवायेगी और 13 से 15 अगस्त के बीच अमृत महोत्सव के अंतर्गत बुथ स्तर के प्रत्येक कार्यकर्ताओं के घर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगवायेगी। बैठक मे रामरतन मांझी ने कहा हम आजादी के 75वीं वर्षगांठ के अमृत महोत्सव का साक्षी बन रहे है ये हमारे लिये सौभाग्य की बात है वही गोवर्धन माँझी ने कहा भाजपा राष्ट्रवादी पार्टी है देश को पहली आदिवासी राष्ट्रपति देने पर सिर्फ भाजपा ही सोच रख सकती है।कार्यकर्ता पार्टी के निर्णय को प्राथमिकता के साथ करें।

### युवा मोर्चा राज्य सरकार के वादा खिलाफी का करेगी दीवार लेखन

*इस बैठक में भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने कहा मोर्चा राज्य के भुपेश सरकार के 25सौ रूपये बेरोजगारी भत्ते देने के साथ अन्य वादे जो सरकार ने पूरे नही किये उसका दीवार लेखन करेगी और पोस्टर अभियान चलाकर सरकार के झूठे वादे को जनता तक ले जायेगी। वही विधासभास्तरीय घेराव के बाद जिला स्तरीय और 24अगस्त को मुख्यमंत्री निवास घेराव में बड़ी संख्या मे भाग लेने कार्यकर्ताओ से अपील की।*

## तमन्ना अभिनीत बबली बाउंसर 23 सितंबर को होगी रिलीज




दक्षिणी सिनेमा की जानी मानी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली फिल्म बबली बाउंसर 23 सितंबर को रिलीज होने वाली है। यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर हिंदी, तमिल और तेलुगू में डिजिटल रूप से रिलीज होगी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से अपना पहला लुक भी साझा किया है। सामने आई तस्वीरों में से एक तस्वीर में तमन्ना एक बाउंसर अवतार में दिखाई दे रही हैं, क्योंकि उन्होंने पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहनी हुई है और अपनी दरवाजे के सामने खड़ी हैं।

## एंड्रिया जेरेमिया-स्टारर पिसासु 2 31 अगस्त को आएगी स्क्रीन पर



निर्देशक माईस्किन की बहुप्रतीक्षित हॉरर थ्रिलर पिसासु 2, जिसमें अभिनेत्री एंड्रिया जेरेमिया मुख्य भूमिका में हैं, इस साल 31 अगस्त को रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस रॉक फोर्ट एंटरटेनमेंट ने घोषणा करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया।

इसने कहा, भगवान गणेश के आशीर्वाद से, पिसासु 2 31 अगस्त को विनायक चतुर्थी पर दुनिया भर में रिलीज होगी। मुख्य भूमिका निभाने वाली एंड्रिया ने भी रिलीज की तारीख की पुष्टि की। उसने कहा, क्या आप प्रेतवाधित होने के लिए तैयार हैं निर्देशक माईस्किन की पिसासु 2 विनयगर चतुर्थी, 31 अगस्त 2022 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

फिल्म, जिसमें अभिनेता विजय सेतुपति, पूर्णा और संतोष प्रताप भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगे, का लेखन और निर्देशन मैस्स्किन ने किया है। कई कारणों से इस फिल्म से उम्मीदें आसमान छू रही हैं। पिसासु आई एक जबरदस्त सफलता थी और हॉरर जॉनर के प्रेमियों ने पिसासु 2 में मैस्स्किन से बेहतर नहीं तो कुछ इसी तरह की उम्मीद करना शुरू कर दिया है।

साथ ही इस फिल्म का सह-निर्देशन ईश्वरी ने किया है। फिल्म में संगीत कार्तिक राजा ने दिया है, जो इसैग्नानी इलैयाराजा के सबसे बड़े बेटे हैं। छायांकन शिव संथाकुमार द्वारा किया गया है और फिल्म कीर्तन और सुशील उमापति द्वारा संपादित की गई है।

## रेड साड़ी में दिखा पलक तिवारी का कातिलाना अंदाज



टेलीविज़न की मशहूर अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी कमाल की खूबसूरत हैं। कुछ दिन पहले उनका म्यूजिक एल्बम बिजली बिजली लॉन्च हुआ था, जिसमें पलक तिवारी एवं पंजाबी गायक हार्डी संधू ने साथ काम किया था। यह सांग बहुत लोकप्रिय हुआ है। पलक सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव हैं तथा अपनी खूबसूरत फोटोज अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करती रहती हैं।

हाल ही में पलक ने सोशल मीडिया पर लाल साड़ी में कुछ तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही थी। उन्होंने महीन फैब्रिक की प्लेन साड़ी को लाल रंग के बिकिनी ब्लाउज के साथ मैच करके पहना हुआ है। ब्लाउज पर शिमरी वर्क भी दिखाई दे रहा है। डीप प्लजिंग नेकलाइन एवं नूडल स्ट्राईप ब्लाउज पलक की लाल साड़ी को कंपलीमेंट कर रहे थे। साड़ी को ड्यूई बेस मेकअप के साथ पूरा किया गया था, साथ में न्यूड शेड की ग्लासी लिपस्टिक के साथ खुले बालों में पलक कहर ढा रही हैं। आपको बता दे, पलक के इस तस्वीर को अभी तक हजार से भी अधिक लाइक्स प्राप्त हो चुके हैं। आपको बता दे, पलक तिवारी एवं सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान को मुंबई के बांद्रा में एक ही रेस्तरां में देखा गया था। उनका वीडियो वायरल होने के बाद प्रशंसक यह मान रहे हैं कि शायद वे एक दूसरे को कर रहे हैं।

फिलहाल इसको लेकर दोनों कि ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## पाइलेट्स बनाम एरोबिक्स: जानिए किस एक्सरसाइज का चयन है ज्यादा बेहतर



रोजाना कुछ मिनट एक्सरसाइज करने से कई तरह के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से से जुड़े लाभ मिल सकते हैं और यह बात लगभग हर कोई जानता है, इसलिए अधिक से अधिक लोग फिटनेस फ्रीक बनते जा रहे हैं। वैसे लोगों के बीच आजकल एरोबिक और पाइलेट्स नाम की दो एक्सरसाइज काफी ट्रेंड में हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किसे चुनना ज्यादा अच्छा है? चलिए फिर आज हम आपकी सही एक्सरसाइज चुनने में मदद करते हैं।

**एरोबिक्स क्या है?**

एरोबिक्स एक्सरसाइज को कार्डियो के रूप में भी जाना जाता है, जिससे हृदय में ऑक्सीजन युक्त रक्त को पंप करने की जरूरत होती है ताकि काम करने वाली मांसपेशियों को ऑक्सीजन पहुंचाया जा सके। इसके अतिरिक्त, एरोबिक अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाती है। यह रक्त शर्करा के स्तर को कम करती है और मोटापे से भी बचाती है। एरोबिक एक्सरसाइज के तौर पर आप अपने रूटीन में स्वीमिंग, जॉगिंग, साइकिलिंग और रस्सी कूदना आदि को शामिल कर सकते हैं।

**पाइलेट्स क्या है?**

पाइलेट्स एक्सरसाइज का एक रूप है, जिसे जोसेफ पाइलेट्स ने नर्तकियों और एथलीटों की चोट को जल्दी ठीक करने के लिए बनाया था। इसमें कई ऐसे मूवमेंट्स शामिल हैं, जो आपके कोर को स्थिर और मजबूत करते हैं। यह नॉन-कार्डियो वर्कआउट आपके शरीर को लचीलापन और जोड़ों की गतिशीलता बढ़ाने में मदद कर सकता है।

## चेहरे के टी-जोन वाला हिस्सा रहता है ऑयली, अपनाए ये स्किन केयर टिप्स



क्या आपने अपने शरीर के टी-जोन हिस्से के बारे में सुना है, जो बहुत ज्यादा ऑयली होता है। शायद ये पढ़कर आप भी आश्चर्यचकित होंगे कि भला, ये टी-जोन क्या है ? दरअसल हमारे शरीर के अलग-अलग हिस्से कई तरह के आकार बनाते है, जिसमें माथा, नाक और ठोड़ी वाले हिस्से को देखा जाए तो इससे ञ्ञ का आकार बनता है, इसलिए इस हिस्से को टी-जोन कहा जाता है। जो कि चेहरे के अन्य हिस्सों की अपेक्षा में ज्यादा ऑयली होता है। क्यूंकि इसमें प्राकृतिक रूप से ज्यादा तेल निकलता है। अब जिन लोगों की स्किन पहले से ऑयली है, तो उनके लिए इस कारण समस्या और ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसे में ये जरूरी हो जाता है कि हम इस हिस्से को क्लीन रखें। यहां हम आपको टी-जोन में ऑयल आने के कारण बताने के साथ ही वो तरीकें बताने जा रहे है जिसे आजमाकर आप ऑयल को कंट्रोल करते हुए इस समस्या से निजात पा सकते है।

क्या वजह है टी-जॉन पर ऑयल आने की दरअसल हमारे शरीर में सिबेशियस ग्रंथियों के जरिए ऑयल का प्रोडक्शन होता है। जो कि टी-जोन के पीछे मौजूद रहती हैं। ऐसे में जब ये ऑयल उत्पन्न करती हैं तो वो रोमछिद्रों के जरिए स्किन पर नजर आता है। और यही वजह है कि बाकी चेहरे की तुलना में इस हिस्से में ब्लैकहेड्स/व्हाइटहेड्स की समस्या भी ज्यादातर होती है।

कैसे करें ऑयल कंट्रोल - चूंकि हमारे पोरस यानि रोमछिद्रों के जरिए चेहरे पर ऑयल नजर आता है। ऐसे में सबसे पहले ऑयल को कंट्रोल करने के लिए आपको चेहरे के रोमछिद्रों को साफ रखना चाहिए। इसके लिए आप फेशियल क्लींजर का इस्तेमाल कर सकते है। अब जिनकी स्किन ऑयली या मिक्स है, वो एक ही तरह के फेशियल क्लींजर का इस्तेमाल लंबे समय तक कर सकते हैं। लेकिन जिनकी स्किन ड्राई है, उन्हें गर्मियों में ऑयल कंट्रोल क्लींजर का इस्तेमाल करना चाहिए। वरना दूसरी अन्य परेशानियां बढ़ सकती है। - ये बहुत जरूरी है कि हम चेहरे को बार-बार केवल पानी से धोते रहें। और बात चूंकि टी-जोन पर ऑयल कंट्रोल करने की हो रही है तो इसके लिए दिन में कम से कम 5-6 बार अपना चेहरा अवश्य रूप से धोएं।



कॉमनवेल्थ गेम्सस्टेबल टेनिस में भारत की शानदार शुरुआत

## साउथ अफ्रीका को 3-0 से हराया, सृजा-मणिका ने अपने-अपने मैच जीते



22वें कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत की जीत का खाता खुल गया है। टेबल टेनिस के महिला ग्रुप-2 के क्वालिफिकेशन राउंड में भारत ने साउथ अफ्रीका को 3-0 से हरा दिया है। भारत ने एक डबल्स और दो सिंगल्स मुकाबले जीत लिए हैं। बता दें कि टेबल टेनिस के टीम इवेंट बेस्ट ऑफ फाइव के आधार पर खेले जाते हैं। तीन मुकाबले जीतने वाली टीम मुकाबला जीत जाती है।

पहला मुकाबला (डबल्स) = सबसे पहले सृजा अकुला और रीत टेनिसन की भारतीय जोड़ी ने साउथ अफ्रीका की लैला एडवर्ड-दानिशा पटेल की जोड़ी को डबल्स मैच में 11-7, 11-7, 11-5 से हराया। इस जीत से भारत को 1-0 की बढ़त मिली।

दूसरा मुकाबला (सिंगल्स) = स्टार पैडलर मणिका बत्रा ने सिंगल्स में मुश्फिकुह कलाम को सीधे सेट में 11-5, 11- 3, 11-2 से हराया है। मणिका ने भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

तीसरा मुकाबला (सिंगल्स) = सृजा अकुला ने दानिशा जयवंत पटेल को 11-5, 11-3, 11-6 से हराया। इस जीत के साथ भारत को 3-0 की अजेय बढ़त मिल गई और वह मुकाबला जीत गया।

दिल्ली के तैराक कुशाग्र रावत मेंस 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्वीमिंग के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे हैं। वे 8 खिलाड़ियों की हीट में आखिरी स्थान पर रहे। कुशाग्र ने 3ः57.45 की टाइमिंग निकाली। वहीं, सजन प्रकाश (25.01 सेकंड) 50 मीटर बटरफ्लाई में 8वें नंबर पर रहे। वे ओवरऑल 24वें स्थान पर रहे और सेमीफाइनल (टॉप-16) में क्वालीफाई करने में नाकाम रहे। थोड़ी देर में श्रहरि नटराज मेंस 100 मीटर बैकस्टोक हीट-3 में हिस्सा लेंगे।

### लॉन बॉल में तानिया चौधरी 21-10 से हारीं

दूसरी ओर लॉन बॉल में भारत की तानिया चौधरी को पराजय झेलनी पड़ी है। उन्हें स्कॉटलैंड की डी हॉन्ग ने 21-10 से हराया। वहीं, राउंड-1 के टीम मुकाबले में भारतीय टीम को न्यूजीलैंड ने 23-21 से पराजित कर दिया है। पुरुष वर्ग में भारतीय टीम का मैच तीन घंटे बाद होगा।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया खेलेंगी टी20 विश्व कप फ़ाइनल: पोटिंग




**मेलबोर्न।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और दो बार 50 ओवर विश्व कप जीतने वाले कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के फ़ाइनल के लिए मेज़बान ऑस्ट्रेलिया और भारत सबसे प्रबल दावेदार हैं। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कोच पोंटंग ने 'आईसीसी रिव्यू' के नवीनतम एपिसोड में कहा, 'मुझे लगता है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया फ़ाइनल खेलने वाली दो टीमें होंगी और ऑस्ट्रेलिया उन्हें फ़ाइनल में हरा देगा। मौजूदा चैंपियन टीम के पास घरेलू परिस्थितियां हैं और यह एक ऐसी चीज़ थी जिसने पिछले विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की जीत को ना सिर्फ़ उल्लेखनीय बनाया, बल्कि बहुत सुखद भी।' टी20 विश्व कप के इतिहास में भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों ने दो-दो बार फ़ाइनल खेला है लेकिन एक बार भी एक दूसरे के विरुद्ध नहीं। 2007 में भारत ने पाकिस्तान को हराकर पहला विश्व कप अपने नाम किया था जबकि 2014 में वह श्रीलंका से हारे थे।

### एक नजर

## भारत ने वेस्ट इंडीज को तीसरे वनडे में हराकर रचा इतिहास

पाकिस्तान के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा



**पोर्ट ऑफ स्पेन ।** भारत ने शुभमन गिल (98 नाबाद) और युज़वेंद्र चहल (17 रन पर चार विकेट) की बदौलत वेस्ट इंडीज़ को तीसरे एकदिवसीय मैच में 119 रन से हराकर श्रंखला 3-0 से अपने नाम की। यह कैरिबियन में रनों के मामले में भारत की वेस्ट इंडीज़ पर सबसे बड़ी जीत है। भारत ने बुधवार को खेले गये वर्षाबाधित मैच में 36 ओवर में 225 रन बनाये थे, जिसके बाद डकवर्थ लुइस नियम के तहत विंडीज़ के सामने 35 ओवर में 257 रन का लक्ष्य था। वेस्ट इंडीज़ इसके जवाब में 137 रन पर ऑल आउट हो गयी।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी चुनी। कप्तान शिखर धवन और शुभमन गिल ने श्रंखला में दूसरी बार शतकीय साझेदारी की। 113 रन की साझेदारी के बाद धवन 58(74) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके लगाये। इसके बाद क्रीज़ पर आये श्रेयस अय्यर ने गिल के साथ पारी को आगे बढ़ाना शुरू किया, लेकिन मैच के 25वें ओवर में बारिश हो गयी। जब मैच को पुनः शुरू किया गया तो भारतीय बल्लेबाज़ों ने रनों की रफ्तार भी बढ़ाई। दोनों के बीच 89 रन की साझेदारी हुई, जिसके बाद अय्यर 34 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की बदौलत 44 रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

## बर्मिंघम में भारत ने मनाया आज़ादी का अमृत महोत्सव

**बर्मिंघम ।** बर्मिंघम में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने आज 28 जुलाई से शुरू होने वाले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले भारतीय टीम का स्वागत करते हुए प्राइड ऑफ इंडिया एट 75 कार्यक्रम का आयोजन किया। बर्मिंघम के रॉयल बर्मिंघम संगीत विद्यालय में आज़ादी का अमृत महोत्सव आयोजित कार्यक्रम में पांच एथलीट शामिल थे, जो बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय दल का हिस्सा हैं। साथ ही महावाणिज्य दूत डॉ शशांक विक्रम, कार्यवाहक उच्चायुक्त सुजीत घोष, चांसरी के प्रमुख हितेश सक्सेना, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना, आईओए कोषाध्यक्ष आनंदेश्वर पांडे और बर्मिंघम में भारतीय टीम के प्रमुख राजेश भंडारी मौजूद रहे। बर्मिंघम में भारतीय मूल के लोगों के साथ सामान्य प्रश्नोत्तर के बाद एथलीटों ने संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों को संबोधित किया।

कॉमनवेल्थ गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी

## 72 देशों के एथलीट ने लिया हिस्सा, भारतीयों की एंट्री से गूंजा स्टेडियम, सिंधु-मनप्रीत बने ध्वजवाहक



इंग्लैंड के बर्मिंघम शहर में शुक्रवार को 22वें कॉमनवेल्थ गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी आयोजित हुई। प्रिंस चार्ल्स ने महारानी एलिजाबेथ का संदेश पढ़ा और खेलों के शुरुआत की घोषणा की। इस रंगारंग कार्यक्रम में करीब 30 हजार दर्शकों की मौजूदगी रही। अब 11 दिनों तक दुनिया के 72 देशों के 5 हजार से ज्यादा एथलीट जलवा दिखाते नजर आएंगे। खेलों के इस महाकुंभ में भारत के 213 खिलाड़ी 16 खेलों में शिरकत करेंगे। भारत 18वीं बार इस खेल में भाग ले रहा है। देश के खिलाड़ियों ने 1930, 1950, 1962 और 1986 में कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा नहीं लिया था। भारतीय दल की एंट्री के साथ ही स्टेडियम गूंज उठा। पीवी सिंधु और मनप्रीत सिंह तिरंगा लिए भारतीय दल की अगुआई करते दिखे।

भारतीय दल की एंट्री के साथ ही स्टेडियम गूंज उठा। पीवी सिंधु और मनप्रीत सिंह तिरंगा लिए भारतीय दल की अगुआई करते दिखे। ऑस्ट्रेलिया से परेड की शुरुआत, इंग्लैंड ने समापन किया परेड में जैसे ही भारतीय दल को आवाज दी गई पूरा स्टेडियम शोर से गूंज उठा। दर्शकों ने भारतीय खिलाड़ियों को जोरदार तरीके से स्वागत किया। ओपनिंग सेरेमनी में बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह भारत के ध्वजवाहक रहे।

श्रीलंका ने पाकिस्तान को 246 रनों से रौंदा

## प्रभात जयसूर्या ने झटके 5 विकेट, बाबर आजम की कप्तानी पारी नहीं आई काम, सीरीज 1-1 से बराबर




श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच गॉल में खेले गए दूसरे टेस्ट में लंका टीम को बड़ी जीत मिली है। उन्होंने पाकिस्तान को 246 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। पाक टीम के खिलाफ रनों के लिहाज से टेस्ट में श्रीलंका की सबसे बड़ी जीत है। इसी के साथ दोनों टीमों के बीच टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबर हो गई।

मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 378 रन बनाए थे। जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 231 रन पर ही ऑल-आउट हो गई। श्रीलंका के लिए इस पारी में सबसे ज्यादा विकेट रमेश मेंडिस ने लिए। उन्होंने 5 पाकिस्तानी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। वहीं, प्रभात जयसूर्या के खाते में 3 विकेट आए। दूसरी पारी में श्रीलंका ने 360 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। पाकिस्तान को 508 रनों का टारगेट मिला। जवाब में पाकिस्तान 261 रन ही बना पाई। कप्तान बाबर आजम अकेले संघर्ष करते नजर आए। उन्होंने 81 रनों की पारी खेली। दूसरी पारी में भी प्रभात जयसूर्या और रमेश मेंडिस ने खतरनाक गेंदबाजी की। जयसूर्या ने 5 और रमेश ने 4 विकेट झटके। पाकिस्तान के खिलाफ पहली पारी में रमेश मेंडिस ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट अपने नाम किए थे।

# जिले में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गाया हरेली तिहार

## शिवतराई के गौठान में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम, छत्तीसगढ़ महतारी के साथ कृषि यंत्रों की हुई पूजा

बिलासपुर । प्रदेश का पहला पारम्परिक त्यौहार हरेली पर्व आज प्रदेश सहित जिले में भी उत्साह उमंग हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। हरेली त्यौहार पर जिले के गौठानों मे आयोजित विविध पारम्परिक आयोजनों ने त्यौहारो में एक नया रंग भर दिया।

कोटा विकासखण्ड के ग्राम शिवतराई के गौठान में जिला स्तरीय हरेली महोत्सव का आयोजन किया गया। यहां छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा के साथ कृषि यंत्रों की पूजा की गई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्टॉल भी लगाया गया था। जहां चीला, चौसेला, फरा, अइरसा सहित अन्य व्यंजनों का स्वाद भी लोगों ने लिया। हरेली उत्सव के अवसर पर अतिथियों के द्वारा पौधरोपण भी किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल लगातार प्रदेश में छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान और अस्मिता को ध्यान में रखते हुए यहां के तीज, त्यौहारों, पर्वों को एक अलग रूप में मनाकर संस्कृति को पुनर्जीवित कर रहे हैं और एक नयी पहचान बना रहे है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण सिंह चौहान जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्रीमती जयश्री जैन ने विक्रेताओं से गौमूत्र की खरीदी कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में कोटा एसडीएम श्री सूरज कुमार साहू, जनपद पंचायत कोटा के सी.ई.ओ. श्री हरिओम द्विवेदी, कोटा कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष श्री संदीप शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। गौठान समिति के अध्यक्ष




### गौमूत्र खरीदी योजना का आगाज, पहले दिन 38 लीटर खरीदी

गौरीशंकर सिरसो ने बताया कि सरकार द्वारा 4 रुपये प्रति लीटर की दर से गौमूत्र की खरीदी की जा रही है। इस खरीदी से न केवल किसानों की आमदनी बढ़ेगी बल्कि खेतों में हानिकारक रासायनों के प्रयोग में कमी आएगी। शिवतराई के गौठान में गौरीशंकर सिरसो, रामकलीबाई, मोंगराबाई तथा भगवती बाई ने साढ़े 24 किलो गोमूत्र बेचा। सभी ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए इस अभिनव पहल की सराहना की। शिवतराई गौठान के नोडल अधिकारी डॉ रघुवंशी ने बताया कि गौठान में खरीदी किए गए गोमूत्र से जीवामृत और ब्रह्मास्त्र बनाए जाएंगे। जीवामृत के छिड़काव से पौधे में वृद्धि होगी। इसी प्रकार नीम, धतूरा, बेसरम, ऑक, तथा सीताफल और गोमूत्र के मिश्रण से ब्रम्हास्त्र बनाया जाएगा। इसका प्रयोग खेतों में कीटनाशक के रूप में किया जाएगा। गोमूत्र से बने जीवामृत और ब्रम्हास्त्र के प्रयोग से जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। इसी प्रकार बिल्हा विकासखण्ड के पौंसरी गौठान में भी गौमूत्र खरीदी की गई। दोनों गौठानों में आज पशुपालकों से 38 लीटर गौमूत्र की खरीदी की गई। पौंसरी गौठान में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष श्री अटल श्रीवास्तव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री प्रमोद नायक, कृषि उपज मंड़ी के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### स्व सहायता समूह की महिलाओं ने लगाया स्टॉल –

*हरेली तिहार के अवसर पर महिला स्व सहायता समूह द्वारा गौठानों व घरों में निर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। समूह की महिलाओं द्वारा वर्मी खाद निर्माण, बकरी पालन, बत्तख पालन, सब्जी उत्पादन, दोना पत्तल निर्माण, चारागाह विकास, मछली पालन सहित विभिन्न आजीविका गतिविधियां संचालित की जा रही है।*

# केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने मनाया 84वां स्थापना दिवस समारोह



**जगदलपुर।** 241 बस्तरिया बटालियन के द्वारा आज सेड़वा (बस्तर) स्थित बटालियन मुख्यालय के कैम्प परिसर में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 84वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर पदमा कुमार ए. कमाण्डेन्ट 241 बस्तरिया बटालियन ने शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा बल के शहीद जवानों को याद करते हुए शहीदो के सम्मान में सलामी दिया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें मेडल से सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने जवानों को सम्बोधित करते हुए बल के इतिहास के बारे में जवानों को बताया और जवानो को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस स्थापना दिवस समारोह में पदमा कुमार ए. 241 बस्तरिया बटालियन कमाण्डेन्ट के साथ द्वि.क. अधिकारी श्रीकुमार बारा, उप कमाण्डेट विशाल वैदव, डॉ0 रामकृष्ण मिश्रा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ. वर्षा रोज ऑ. जोन, चिकित्सा अधिकारी सविता सिंह सहायक कमाण्डेन्ट और इस वाहिनी के अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

## एक नजर

### कलेक्टर विनीत नंदनवार ने विद्यार्थियों को प्रेरणा तथा सफल होने की मार्गदर्शन दिया

**गीदम/दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा आयोजित उड़ान कार्यक्रम के तहत पढ़ेम दंतेवाड़ा – बढ़ेम दंतेवाड़ा कार्यक्रम में जावंगा एजुकेशन सिटी स्थित ऑडिटोरियम में शुक्रवार को दंतेवाड़ा कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार ने विद्यार्थियों को प्रेरणा तथा मार्गदर्शन देते हुए कहा कि पढ़ाई करना दुनिया में सब से आसान काम है। परीक्षा में सफल होने की कार्य प्रणाली, अच्छे किताबों का चयन, समय को सदुपयोग, दैनिक दिन कार्य योजना, प्रश्न पत्र का अभ्यास, विषय वार पढ़ना, रिवीजन का रणनीति, पाठ्यक्रम के तहत विषय, पाठ्यक्रमेतर विषयों का ज्ञान संग्रह करने को कहा। कलेक्टर विनीत नंदनवार ने ये भी कहा की सकारात्मक सोच अपनाना, आत्म मूल्यांकन करना, पढ़ाई के साथ साथ समय व क्षमता के अनुसार शारीरिक व्यायाम, खेलकूद में हिस्सा लेनी है। मोबाइल, टीवी से दूर रहना, अन्य मनोरंजन में अधिक समय व्यर्थ ना करे। विषयों को रेट नही, समझ कर पढ़ाई करे, प्रतिदिन शाम को चिंतन करे, सिलेबस के अनुसार नोट्स बनाए, टेस्ट सीरीज को अभ्यास करे, समय सीमा पालन करते हुए परीक्षाओं केलिए तयारी करे। नीति आयोग के सहायक सचिव रोमा श्रीवास्तव ने कहा की अपने भविष्य उज्वल बनाने में आत्मविश्वास को सुदृढ़ करे, शिक्षकों से प्रेरणा ले, इंटरनेट, लाइब्रेरी का उपयोग करे, आप जो बनना चाहते हैं उस दिशा में अच्छे से तयारी करे। प्रश्नोत्तरी के माध्यम विद्यार्थियों के मन में आई संदेह को कलेक्टर विनीत नंदनवार ने सरल माध्यम से समझाया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कर्मा, जिला मिशन समन्वयक श्यामलाल सोरी, सहायक परियोजना समन्व्यय केशव सिंह, एपीसी राजेंद्र पांडेय, गीदम सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी भवानी पूनेम, खंड स्त्रोत समन्वयक अनिल शर्मा, प्रोग्रामर धर्मेंद्र सिंह, आस्था विद्या मंदिर प्राचार्य गोपाल पांडेय, शिक्षाविद अमुजुरी विश्वनाथ, सक्षम आवासीय विद्यालय अधीक्षक प्रमोद कर्मा, आस्था विद्या मंदिर अधीक्षक रवि प्रकाश ठाकुर, 570 विद्यार्थि, शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

### निगम द्वारा लगातार की जा रही मवेशी नियंत्रण की कार्यवाही

**कोरबा** । नगर निगम केरबा द्वारा सड़क, मुख्य मार्गो व सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों के नियंत्रण हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस दिशा में निगम क्षेत्र में चलाए जा रहे रोका–छेका अभियान के तहत 86 मवेशियों को सड़क व सार्वजनिक स्थानों से काऊकेचर के माध्यम से उठाकर सुरक्षित रूप से गोकुलनगर गोठान पहुंचाया गया, गोठान में निगम द्वारा इन मवेशियों के चारे, पानी आदि की पर्याप्त व्यवस्था कराई गई है।

नगर निगम केरबा द्वारा शहर की सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर खुले रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को प्रतिदिन अभियान चलाकर काऊकेचर के माध्यम से कांजीघर पहुंचाया जा रहा है। यहॉं उल्लेखनीय है कि शहर की सड़कों, चौक–चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर खुले रूप से विचरण करने वाले इन मवेशियों से आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है, आमनागरिकों को अनावश्यक परेशानी के साथ–साथ दुर्घटना आदि की संभावना बनी रहती है। इस समस्या को दूर करने के लिए निगम द्वारा रोका–छेका अभियान के तहत इन मवेशियों को कांजीघर या गोठान पहुंचाए जाने तथा वहॉं पर मवेशियों के चारा, पानी आदि की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। राज्य शासन द्वारा भी रोका–छेका अभियान संचालित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि विगत दो दिनों के दौरान अमले द्वारा कार्यवाही करते हुए तानसेन चौक से शास्त्री चौक से घंटाघर चौक से महाराणा प्रताप चौक, सी.एस.ई.बी.चौक होते हुए टी.पी.नगर चौक, पावर हाउस रोड, पुराने कोरबा शहर, सीतामणी व गौमाता चौक तक तथा विवेकानंद उद्यान से फोरलेन सड़क होते हुए ध्यानचंद चौक तक, तानसेन चौक से बालको, रूमगरा होते हुए ध्यानचंद चौक तक कोरबा पुराने शहर से सर्वमंगला की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्वच्छंद विचरण कर रहे 86 मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से सुरक्षित रूप से उठाकर गोकुलनगर गोठान पहुंचाया गया है।

# कालिका महोत्सव समिति के पदाधिकारियों का हुआ मनोनयन

**कांकेर** । देवभूमि राजापारा में हुआ कालिका महोत्सव के नवीन पदाधिकारियों का गठन विदित हो कि कालिका महोत्सव विगत 12 वर्षों से लगातार कार्यरत है जिसमें नवरात्रि के अवसर पर महोत्सव द्वारा मां काली की पूजा अर्चना व स्थापना किया जाता है।कांकेर शहर में एक मात्र एक ऐसा स्थान है जहां काली मां की स्थापना किया जाता है जो है राजापारा जिसे देवभूमि के नाम से जाना जाता है यहां सभी प्रकार के देव स्थल एवं सभी मंदिर स्थापित है।

कालिका महोत्सव की बैठक उपरांत चर्चा किया गया कि इस वर्ष कालिका महोत्सव नवरात्र के पावन पर्व पर बड़े धूमधाम से और हर्षोल्लास से मनाया जाएगा जिसमें प्रत्येक दिन अलग–अलग धार्मिक कार्यक्रम विधाओं के साथ–साथ नवाचार कौशल विकास एवं उत्कृष्ट विद्यार्थियों को उत्साहित किया जाएगा। समिति ने यह निर्णय लिया कि आगामी कार्यक्रम में पूरे शहर भर में चर्चा कर कार्यक्रम की रूपरेखा बताई जाएगी। उक्त बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का पंजीयन फॉर्म भरा गया और सभी का पंजीयन कालिका महोत्सव में किया गया उक्त पंजीयन का मुख्य उद्देश्य पंजीकृत सदस्य को हर संभव मदद कर उसके मनोबल को बढ़ाना कौशल विकास की योजना वार्ड में लाना और सभी प्रकार की सुविधाएं समिति के सभी सदस्यों तक पहुंचाने के लिए यह पंजीयन किया गया है। इसके उपरांत बैठक में सभी सदस्यों के सर्व समिति से कालिका महोत्सव के नवीन पदाधिकारियों का चयन किया गया।

जिसमें अध्यक्ष आकाश चौरसिया, विलाश यादव, टिया पटेल, दीप यादव, उपाध्यक्ष विपिन यादव, विकाश चौरसिया, दीपिका यादव, करुणा भोये, सचिव डब्बू ठाकुर, मोंटू ताम्बोली, मोनिका यादव, विभा पटेल, सह सचिव सौरभ ठाकुर, फ्लेश साहू, कोषाध्यक्ष हर्ष यादव, धनेश्वर पटेल, मीडिया प्रभारी प्रशांत देहरी, सौम्या पटेल, कुमकुम चौहान, पलक चौरसिया, मुस्कान मिश्रा, सलाहकार आनंद चौरसिया, राजेश शर्मा, प्रवेश चौहान का मनोनयन किया गया। समस्त जानकारी मीडिया प्रभारी कुमकुम चौहान ने दी।

# ब्राह्मण समाज ने सौंपा बिलासपुर एसपी को ज्ञापन

## विक्रांत तिवारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं उन पर चली गोली की आशंका को गंभीरता से लेने की रखी मांग

**बिलासपुर।** 26 जुलाई को सकरी रोड पर राजनीतिक एवं सामाजिक पृष्ठभूमि रखने वाले आजाद मंच प्रमुख विक्रांत तिवारी पर गोली चलने का मामला अब एक गंभीर रूप लेता जा रहा है आज ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों द्वारा बिलासपुर एसपी पारुल माथुर से मिलकर समाज के वरिष्ठ लोगों ने इसकी गंभीरता से जांच करने मांग रखी नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति के तत्वधान में सभी वरिष्ठ पदाधिकारी दोपहर 12ः00 बजे बिलासपुर एसपी कार्यालय पहुंचे और समाज की एकजुटता को दिखाते हुए इसे एक बड़ी घटना बताया साथ ही कहा की कांच में हुए छेद और कांच की स्थिति को देखकर यह संभावना स्पष्ट होती है की गाड़ी पर गोली चली है।

ब्राह्मण समाज नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति के अध्यक्ष एवं रिटायर्ड एसडीएम श्री अरविंद दीक्षित ने बिलासपुर एसपी से ज्ञापन सौंपकर इस पर जांच की मांग करते हुए कहा की विक्रांत तिवारी हमारे समाज का युवा चेहरा है जो सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यों में हमेशा ही मुखर होकर आवाज उठाता है ऐसे युवक पर इस प्रकार का हमला बहुत ही निंदनीय है आज पूरा समाज इस घटना से व्यथित है और पुलिस से यह मांग करता है कि हमारे समाज के युवक की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए साथ ही उस पर हुए इस हमले की



**राजनीतिक और सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले हमारे समाज के युवक पर गोली चलना एक गंभीर विषय पुलिस इसे गंभीरता से लें पूरा समाज विक्रांत के साथ- अरविंद दीक्षित**

सूक्ष्मता से जांच कर आरोपियों की शिनाख्त कर इस पर तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए समाज के सचिव श्री मनोज शुक्ला ने कहा की यह घटना बिलासपुर के इतिहास की पहली घटना है जहां एक सामाजिक और राजनीतिक पृष्ठभूमि के व्यक्ति पर दिनदहाड़े खुलेआम इस प्रकार हमला होता है विक्रांत लगातार बिलासपुर में हो रहे अवैध रेत उत्खनन भू माफियाओं एवं अन्य ऐसे मुद्दे जो सीधे–सीधे जनहित से जुड़े हैं उसकी आवाज उठाते रहे हैं ऐसे में उन पर हुआ यह हमला आने वाले भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी को दर्शाता है साथ ही हमारे शांत बिलासपुर की तासीर के विपरीत है हम मांग करते हैं कि यह घटना और इसकी पुनरावृत्ति ना हो जो भी दोषी है उन्हें पकड़ा जाए और पुलिस इस की जड़ तक जाए ताकि भविष्य में ऐसा कुछ अप्रिय ना घटे ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से समाज के अध्यक्ष श्री अरविंद दिक्षित, सचिव मनोज शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रभात मिश्रा, रत्नेश दुबे,बीडी बाजपेई, गोपाल मिश्रा, राजीव अवस्थी, अनिल तिवारी, कृष्ण मोहन (गुड्डा) पांडे, संदीप बाजपेई, दिव्या प्रकाश दुबे प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पत्नी ने पति व ससुराल वालों को धोखे में रखकर की दूसरी शादी

**बिलासपुर** । हाई कोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि अगर पत्नी द्वारा धोखे में रखकर दोबारा विवाह रचा लिया है तो पुनः वैवाहिक संबंध स्थापित करने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। कोर्ट ने पति की याचिका को स्वीकार करते हुए विवाह विच्छेद की डिक्री का आदेश जारी कर दिया है। साथ ही हाई कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को रद कर दिया है।



मामला गरियाबंद निवासी पति द्वारा याचिका पेश कर कहा है कि वर्ष 2001 में उनकी शादी जिले के ही एक गांव में हुई थी। शादी के बाद मायके व ससुराल पक्ष में लगातार गुमनाम पत्र आने लगा। पत्र में पत्नी के पूर्व विवाहित जीवन को लेकर पर्दाफाश किया गया था। इसे लेकर मायके और ससुराल दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति बनने लगी। उन्होंने पत्नी को मायके छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने दोबारा दांपत्य जीवन निर्वहन करने निचली अदालत में वाद दायर किया था। मामले की सुनवाई के बाद निचली अदालत ने उसी पत्नी को स्वीकार कर दोबारा दांपत्य जीवन स्थापित करने का आदेश जारी किया। निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में अपील की थी।

याचिका में उन्होंने बताया है कि वर्ष 2001 में विवाह के बाद से ही मायके और ससुराल पक्ष में गुमनाम पत्र आने लगा था। पत्र में यह बताया गया था कि उनकी पत्नी की पूर्व में ही शादी हो चुकी है। उसने धर्म परिवर्तन कर एक मुस्लिम युवक के साथ निकाह कर लिया था। दोनों के बीच विवाद की स्थिति बनने पर वह वापस मायके आ गई थी। जब उनसे वैवाहिक संबंध बने तो पूर्व के विवाह संबंध को उन्होंने छिपा दिया। धोखे में रखकर विवाह कर लिया।

मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने हिंदू विवाह अधिनियम 1954 की धारा 13 के दिए गए प्रविधानों का उल्लेख करते हुए कहा है कि अगर पत्नी के पुनर्विवाह का स्पष्ट साक्ष्य मिल जाता है तो दोबारा वैवाहिक जीवन स्थापित करने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। इस व्याख्या के साथ हाई कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को रद करते हुए विवाह विच्छेद की डिक्री स्वतंत्र कर दिया है।

# पोदला उरस्कना वृक्षारोपण अभियान 2022 का हुआ शुभारंभ

**जगदलपुर।** हरेली त्यौहार के अवसर पर बस्तर रेंज पुलिस द्वारा वृक्षारोपण अभियान ''पोदला उरस्कना-2022'' का शुभारम्भ गुरुवार को शासकीय महाविद्यालय छात्रावास परिसर, धरमपुरा जगदलपुर में वृक्षारोपण के साथ किया गया।

बस्तर संभाग के समस्त सातों जिलों में क्रम से जिला कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर, बस्तर, दन्तेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा में दिनांक 28 जुलाई से 09 अगस्त तक सम्पन्न किया जायेगा। वृक्षारोपण त्यौहार के प्रथम दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में समस्त पर्यावरण प्रेमी एवं नागरिकों द्वारा उत्साह से भाग लिया गया।





पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा वृक्षारोपण अभियान पोदला उस्कना के शुभारम्भ के अवसर पर बताया गया कि बुनियादी पुलिसिंग के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण तथा पुलिस एवं समाज के बीच के संबंध मजबूत एवं मधुर बनाने के उद्देश्य से 'पोदला उरस्कना' वृक्षारोपण अभियान बस्तर रेंज के समस्त जिलों में आयोजित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में आयोजित की गई 'पोदला उरस्कना-2021' वृक्षारोपण अभियान के दौरान बस्तर संभाग अंतर्गत समस्त जिलों में पुलिस एवं सुरक्षा बल के सदस्यों द्वारा जन भागीदारी से कुल 11,970 वृक्ष लगाये गये थे।

# कलेक्टर ने अमृत मिशन के तहत जल आपूर्ति हेतु संचालित कार्यों का किया निरीक्षण

## पानी की आपूर्ति से पूर्व गुणवत्ता की जांच करें सुनिश्चित – कलेक्टर चंदन कुमार



**जगदलपुर।** कलेक्टर चंदन कुमार ने गुरुवार 28 जुलाई को अमृत मिशन योजना के तहत जगदलपुर शहर में जल आपूर्ति हेतु संचालित कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने पावर हाउस चैक में स्थापित इंटेक वेल तथा आईपीएस के साथ ही नयामुण्डा स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने नयामुण्डा में स्थापित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी को शुद्धता की जांच के पश्चात् ही नगरवासियों को जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यहां निर्माणाधीन एक अन्य वाटर ट्रीटमेंट के निर्माण कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शहर के सभी घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय तथा सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त दिनेश नाग, कार्यपालन अभियंता एसबी शर्मा, सहायक अभियंता संजीव कर्ण उपस्थित थे।



# कलेक्टर चंदन कुमार ने मलेरिया–डेंगू से बचाव के लिए जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## लोगों को जागरुक करने के लिए शहर के साथ ही जिले के 100 गांवों में पहुंचेगी जागरुकता वाहन

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के कलेक्टर चंदन कुमार ने शुक्रवार को डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गोदरेज – एम्बेड परियोजना फैमिली हेल्थ इंडिया कार्यक्रम के तहत संचालित यह जागरुकता रथ जगदलपुर नगर निगम क्षेत्र के साथ ही जिले के 100 गांवों में भी पहुंचेगी और लोगों को मलेरिया व डेंगू से बचाव के लिए जागरुक करेगी।




एम्बेड परियोजना का संचालन छत्तीसगढ़ राज्य के दो जिले बस्तर जिले के 100 गांवों और कोंडागाँव जिले के 100 सबसे मलेरिया प्रभावित गांवों में नवंबर 2019 से गोदरेज और फैमिली हेल्थ इंडिया के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर किया जा रहा है। एम्बेड परियोजना के माध्यम से लोगो के व्यवहार में मलेरिया से बचने के उपायों और उपचार के संबंध में जन जागरूकता लाने के साथ, समय पर मलेरिया की जांच, सम्पूर्ण इलाज और लोगों को मच्छरों से बचाव के लिए जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में एम्बेड – मलेरिया और डेंगू प्रचार रथ को आज रवाना किया गया है जिससे लोग जगदलपुर शहर और बस्तर जिले के गांवो में जागरूक होंगे और डेंगू और मलेरिया से बचाव और उपचार के बारे में जानेंगे। एम्बेड मलेरिया और डेंगू प्रचार रथ जगदलपुर शहर में डेंगू हेतु लोगो को माइकिंग के माध्यम से जागरूक करने के साथ बस्तर जिले के मलेरिया प्रभावित 100 ग्रामो में जायेगा तथा लोगो को मलेरिया से बचाव, इलाज कब और कहाँ ले, बुखार आने पर 24 घंटे में खून की जांच कराने, मलेरिया का पूरा उपचार लेने, कीटनाशक मच्छरदानी रोज लगाने , घर के आस पास साफ सफाई रखने, हर सात दिन में जमा पानी मे जला आयल या मिट्टी का तेल डालने आदि विषयो पर ऑडियो, माईकिंग के माध्यम से हिंदी, हल्बी और गोंडी भाषा मे लोगो को जागरूक करेगा, साथ ही डेंगू के लक्षण, डेंगू से बचने हेतु उपाय, डेंगू होने पर तुरंत इलाज लेने हेतु जगदलपुर शहर में लोगो को प्रेरित करने के साथ साथ, बस्तर जिले के दरभा, बास्तानार, एवं लोहण्डीगुड़ा ब्लाक में जागरुकता संबंधी गतिविधियां आयोजित करेगा।

# हड़ताल के अंतिम दिन लैलूंगा की सभी कार्यालय रहे बंद, कामकाज ठप्प

जोहार छत्तीसगढ़-
लैलूंगा।




छत्तीसगढ़ कर्मचारी - अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर पाँच दिवसीय निश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के अंतिम दिन शुक्रवार को भी कलम बंद ! काम बंद !! मशाल उठा हड़ताल कर का व्यापक असर देखा गया । हलांकि कर्मचरियों ने आगामी दिनों में अनिश्चित कालीन हड़ताल करने की रणनीति तैयार होते तक के लिए हड़ताल को समाप्त किया है । लैलूंगा विकास खण्ड के सभी कर्मचारी - अधिकारी सुबह से ही फेडरेशन के बैनर तले भारी संख्या में पूरी मुस्तैदी के साथ डटे हुवे थेव। साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी हो रही थी । हड़ताल के अंतिम दो दिन मध्यान भोजन रसोइयाओं ने भी अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर फेडरेशन के साथ सम्मिलित होकर अपनी आवाज बुलंद किये हैं । जिससे अंतिम दिन का हड़ताल अभूतपूर्व रहा । अधिकारी - कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले यह हड़ताल पिछले पाँच दिनों से जारी था । जिसका सीधा असर आम लोगों के साथ - साथ शासकीय कार्यों में भी बहुत प्रभाव पड़ा है । कहीं से भी अधिकारी - कर्मचारी फेडरेशन का कोई निष्कर्ष निकलते नजर नहीं आ रहा है । फेडरेशन के जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि अभी तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के साथ कोई भी बैठक नही हुई है, न अब तक किसी ने बुलाया है । लगातार हम अपनी बात को विभिन्न माध्यमों से पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं । लेकिन सरकार है कि साढे चार लाख अधिकारियों एवं कर्मचारियों का 21 साल में पहली बार ऐसा ऐतिहासिक आंदोलन हुआ है । सरकार इस आंदोलन को भी गंभीरता से नहीं ले रही है । इसके लिए अधिकारी - कर्मचारी फेडरेशन काफी ज्यादा आक्रोसित हैं । जाहिर है कि आने वाले समय मे आंदोलन बहुत ही उग्र रूप लेगा । वहीं कर्मचारियों का मांग है कि केंद्रीय कर्मचारियों की तरह 34त्न डीए एवं एचआरए दिया जाए । इसी दो सूत्रीय मांग को लेकर के कर्मचारियों ने जिस चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया था और तीसरी कड़ी के रूप में 5 दिनों की हड़ताल थी । और हड़ताल के आखिरी दिन है और प्रदेश भर में सरकारी कर्मचारी ने अपनी ताकत दिखा दिया है । हर जिले व विकास खण्ड स्तर पर रैली / जुलुस आयोजित की गई है । फेडरेशन के मंच पर रसोईया संघ ने अपनी उपस्थित दर्ज कर अपनी माँग प्रमुखता के साथ रखे गये हैं । उनकी प्रमुख माँग उनका मानदेय बढ़ाना है जो की वर्तमान में 1500 रूपये मासिक है ।



लैलूंगा में भी बाकी दिनों की अपेक्षा ज्यादा भीड़ दिखाई दी । यहाँ पर भी विशाल रैली निकाल कर एस. डी. एम. लैलूंगा को ज्ञापन सौंपा गया ।

## एक नजर

### सवारी बसो पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई चलानी कार्यवाही

**धमतरी** । पुलिस अधीक्षक धमतरी प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर अति.पुलिस अधीक्षक मेघा टेंभुरकर साहू के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) मणीशंकर चंद्रा के नेतृत्व में यातायात प्रभारी के.देवराजू द्वारा सड़क दुर्घटना को रोकने के प्रयास में एवं सुरक्षित परिवहन को ध्यान में रखते हुए दिनांक 28.07.22 को द्वारा अपनी टीम के साथ रायपुर जगदलपुर रोड नेशनल हाईवे 30 पर चलानी कार्रवाई की गई, जिसमें ये कमियां पाई गई-: ड्राइवर वर्दी नही पहने हुए पाये गए, कुछ बसों में क्षमता से अधिक सवारी पाये गए, कुछ बसों में सामने हेडलाइट बंद थे,कुछ में एंडिकेटर लाईट बंद पाये गए।

उक्त कार्यवाही के दौरान 08बसो के उपर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर 4000/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया। यातायात पुलिस धमतरी द्वारा यह कार्यवाही आगे निरंतर रूप से जारी रहेगी

### माफी पर अड़ी भाजपा, सोनिया-अंधीर रंजन का फूंका पुतला

**बीजापुर** । पश्चिम बंगाल से कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपत्नी कहने वाले बयान का भाजपा नेता जमकर विरोध कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को भैरमगढ़ में भाजपा जिला उपाध्यक्ष लवकुमार रायडु के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी और अधीर रंजन का पुतला फूंका। बता दें कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ का विरोध कर रहे हैं।

बुधवार को धरने के दौरान ही अधीर रंजन चौधरी ने राष्ट्रपति मुर्म के लिए राष्ट्रपत्नी शब्द का इस्तेमाल कर दिया था।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष रायडु का कहना है कि द्रौपदी मुर्मू भारत की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति है। वह झारखंड की पहली महिला और आदिवासी राज्यपाल भी थी। एक आदिवासी महिला इस देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद को सुशोभित कर रही हैं। इसलिए ना सिर्फ अधीर रंजन चौधरी बल्कि सोनिया गांधी भी देश से माफी मांगें।

### गुरु के द्वारा ही हम परमात्मा को जानते हैं : स्वामी सदानंद सरस्वती

**कवर्धा** । आत्मा - परमात्मा जैसे शब्द भले हम सुनते रहते है लेकिन इनके सच्चे स्वरूप का बौध तो गुरू वाक्यों से ही होता है कह सकते है की परमात्मा ज्ञान का द्वार गुरु ही है यदि वह न हो तो हम परमात्मा को जान पाए यह असंभव है उक्त उद्गार पूज्यपाद स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने चातुर्मास्य प्रवचन के अंतर्गत गीता प्रवचन करते हुए व्यक्त किए पूज्य स्वामी जी ने आगे कहा कि आकाश तत्व एक ही है उसमे कभी भेद नहीं होते तथापि नाम और उपाधि से धाराकाश , माथाकाश, महाकाश , आदि कहा जाता है इसी तरह तीन अवस्था , तीन गुण के साक्षी आत्मा के परमत्व के भी समझा जा सकता है देहो पाधियां इसमें भ्रम उत्पन्न जरूर करती है लेकिन विद्वान इस भ्रम से निकल जाता है की वह विद्या गुरुगम्य वश हो हमे जो अपना बोध होता है की में हूं यह बोध क्या है मेरी सत्ता तो निर्विवाद है किसी को यह शंका नहीं है की में हूं की नही पर में क्या हूं यह शंका अवश्य है क्योंकि यह अनुभव निरंतर बदलता रहता है कभी हम समझते थे कि हम बालक है पर अब हम समझते है कि हम युवा है कभी हमे अनुभव होगा की हम वृद्ध है यह जो तीन अनुभव अलग - अलग समप में होते हैं इसमें यह सिद्ध होता है की यह तीनों हमारी अवस्थाएं है हम नही इसी तरह अनेक उपाधियों को हम कभी अपना स्वरूप समझते है तो फिर उसे ही नकार देते है यह सब अनुभूतियां यह स्पष्ट कर देती है कि हम तीनो शरीरों तीनो अवस्थाओ और तीनो गुणों से परे कोई विलक्षण तथ्य ही है पर वह तत्व क्या है यह बिना गुरु के नही जान सकते पूज्य स्वामी जी ने कहा की इस संसार में गुरु के सिवा दूसरा कोई नही है जो हमे हमारे सच्चे स्वरूप का बौध कराए पिता माता कहेंगे तू पुत्र है पत्नी कहेगी तू पति है भाई मित्र और अन्य नामो से पुकारने वाले भी संसार में बहुत मिल जायेगे पर गुरु ही एक येसा है जो कहता है तू नित्य युद्ध - बुद्ध - मुक्त एक अविनाशी सत चित आनंद है ।

### ढाबा के सामने खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** आजाद चौक क्षेत्र के राजू ढाबा के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा निवासी प्रार्थी बजरंग सोनवानी 35 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि वह अपनी हीरो स्पलेण्डर बाइक क्रमांक सीजी 04 एनई 6487 को राजू ढाबा के गेट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# 96 आरक्षक ट्रेडमेंनो को कर्तव्य निष्ठा की दिलाई गई शपथ



**फरसगांव।** पुलिस प्रशिक्षण केंद्र बोरगांव में 5 वां आरक्षक ट्रेडमैन का बुनियादी प्रशिक्षण सत्र का दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न छसबल इकाईयों से प्रदेश के अलग अलग स्थानों से पहुँचे 96 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी.एस. ध्रुव ( भा.पु.से. ) उप पुलिस महानिरीक्षक छसबल दक्षिण रेंज बस्तर जगदलपुर के द्वारा कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गई मुख्यअतिथि ने जवानों को सम्बोधित करते हुये कहा की भविष्य में कानून व्यवस्था ड्यूटीयों में आने वाले चुनौतियों का सामना अपने प्रशिक्षण काल के अनुभवों के आधार पर सुझ बुझ से कार्य करने हेतु जानकारी दी गई कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में एस.एल. बघेल कमाण्डेट सीटीजेडब्ल्यू कालेज कांकेर, दिव्यांग पटेल पुलिस अधीक्षक जिला कोण्डागांव, मणीशंकर चंद्रा एसडीपो पुलिस फरसगांव मुख्य रूप से उपस्तिथ रहे कार्यक्रम के दौरान पी 0 टोप्पो सेनानी पीटीसी बोरगांव द्वारा इकाईयों की स्थापना उपलब्धियों एवं प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना कर प्रतिवेदन का वाचन किया गया भव्य परेड का नेतृत्व उदयशंकर प्रजापति 10 वीं वाहिनी एवं टु आई सी रमन यादव 16 वीं वाहिनी द्वारा किया गया कार्यक्रम के सफल संचालन में पीसी भगवान सिंह , पीसी श्री स्वपन सरकार सहित पीटीसी बोरगांव के अधिकारी / कर्मचारीयों द्वारा किया गया जिन्हे भ्रमण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुरूष्कृत किया गया । सत्र में प्रशिक्षण केन्द्र में मुख्य प्रशिक्षक आनंद सिंह रावत द्वारा समक्ष उपस्थित अधिकारी, कर्मचारीयों, गणमान्य नागरिकों एवं अन्य पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया ।

# गोबर बेचकर पशुपालक साथ ही खाद उपयोग कर कृषक हो रहे समृद्ध

जोहार छत्तीसगढ़-
बेमेतर।

छग शासन की महत्वकांक्षी गोधन न्याय योजना से ग्रामीण और शहरी इलाको में गौ पालको को आमदनी का अतिरिक्त जरीया मिला है। बेमेतरा जिला के नवागढ़ विकासखण्ड़ के ग्राम टोहड़ी निवासी पशुपालक रामचंद यादवध्सुकालू यादव ने बताया की उन्होने 212160 दो लाख बारह हजार एक सौं साठ का गोबर बेचकर उन्होने अपने कच्चे मकान को पक्का बनवाया है। साथ ही उन्होंने अपनी पत्नि के लिए सोने के गहने खरीदी है जो उनके लिये कभी सपने बनकर रह गया था। इसी प्रकार भरत यादवध्मिलन यादव ने बताया कि उन्होने 91500 रूपये का गोबर बेचकर पुराने कर्ज से मुक्ति पाया है और उसके आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इस योजना के शुरू करने का मुख्य उदद्देश्य पशुपालको के आय में वृद्धि, स्थानीय लोगो को रोजगार के अवसर प्रदान करना, खुली चराई में रोक लगाना, जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देना द्विफसलीय क्षेत्र विस्तार करना, सुपोषण को बढ़ावा देना है। गोधन न्याय योजना छग ही नहीं पुरे देश में लोकप्रिय योजना का रूप ले चुकी है। भारत सरकार द्वारा भी इस योजना की सराहना की है। छग में गोधन न्याय योजना के शुरू के होने के बाद से बहुत सी गौपालक एवं स्वसहायता समुह की महिलाओ ने अपने सपने साकार किये है। समुह की माहिलाओ द्वारा 2 प्रति किलो में गोबर खरीदकर 10 प्रति किलोग्राम वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय किया जा रहा है।




मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचा नवागढ़ सुश्री प्रज्ञा यादव ने बताया की विकासखण्ड नवागढ़ में योजना के शुरूआत से लेकर अबतक 20,180 बीस हजार एक सौं अस्सी क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है। जिसकी कुल किमत 4036000 चालीस लाख छत्तीस हजार रूपये है उसमें से 5417.00 क्वि वर्मी कम्पोस्ट राशि 5417000 चौवन लाख सत्रह हजार रूपये एवं 1864 क्वि. सुपर कम्पोस्ट 1118400 ;ग्यारह लाख अठ्ठाह हजार चार सौ रूपये राशि का खाद विक्रय किया जा चुका है। वरिष्ठ कृषि अधिकारी नवागढ़ आरके चतुर्वेदी ने बताया की उच्च गुणवत्ता युक्त वर्मी कम्पोस्ट खाद किसान भाईयो को सेवा सहाकारी समिति के माध्यम से कैश/क्रेडिट में सुचारू रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका उपयोग कर नवागढ़ विख के कृषक चंद्रभान सेन ग्राम.धोबघट्टी, रमेंश कुमार ग्राम.मदनपुर, अनेष साहू ग्राम.मारो, राजोलाल/सोनऊ कुंरा, निर्मल बघेल ग्राम.चक्रवाय ने बताया कि कृषि विभाग के मार्गदर्शन में उन्होने वर्मी कम्पोस्ट खाद का उपयोग चयनित प्लॉट में किया जिससे कि रासायनिक उर्वरक नही के बराबर उपयोग करने पर भी उत्पादन 2 से 5 क्वि. प्रति हेक्टेयर उत्पादन अधिक प्राप्त हुआ। कीट पंतगे नही के बराबर लगे जमीन की जल धारण क्षमता में वृद्धि हुई इस प्रकार खेती की लागत में 7.8 हजार प्रति हेक्टेयर लागत कम हुआ चुंकि जैविक खेती से उगाये फसल की कीमत भी अच्छी प्राप्त होती है साथ ही जैविक खाद का उपयोग कर उगाये गये अनाज की गुणवत्ता मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम होता है। गोधन न्याय योजनांतर्गत उत्पादित वर्मी/सुपर कम्पोस्ट खाद निर्माण का बीड़ा महिला स्वसहायता समूह की सदस्यो ने उठाया है। जहाँ गौठानो में खाद के साथ-साथ अहम रोजगारमूलक गतिविधिया का भी संचालन किया जा रहा है। जैसे की सब्जी उत्पादन, मुर्गीपालन, दाल मील का संचालन किया जा रहा है इस प्रकार गोधन न्याय योजना पूरे छग में पशुपालकों किसानों के साथ-साथ महिला समुहो के आर्थिक स्थिति में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

मानसून लीग हॉकी प्रतियोगिता 2022

# स्पोर्ट्स हॉकी अकादमी ने मेजबान राजनांदगांव को पेनल्टी स्ट्रोक में 3 के मुकाबले 5 गोल से पराजित कर मानसून लीग कप पर कब्जा किया



**राजनांदगांव।** जिला हॉकी संघ के तत्वावधान में आयोजित मानसून लीग प्रतियोगिता दिनांक 23 से 28 जुलाई 2022 तक अन्तरस्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा था। जिसका आज फाइनल मैच एवं समापन समारोह श्री नरेश डाकलिया जी के मुख्यआथित्य में श्री तथा उमेश ककरिवल समाज सेवी ,शंकर रॉव मेश्राम,के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुई।मुख्यअथिति श्री डाकलिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत करता हु उन्होंने कहा कि राजनांदगांव ने उस समय मे ओलंपियन दिया जब लोग ओलम्पिक के नाम सुनने को तरसते थे।राजनांदगांव व हॉकी का चोली दामन से सम्बन्ध बना हुआ है इसी के साथ ही आयोजन समिति को इस आयोजन के लिए सुभकामनाये दी। मानसून लीग हॉकी प्रतियोगिता का अंतिम दिन स्पोर्ट्स हॉकी अकादमी रायपुर विरुद्ध डी एच् ऐ राजनांदगांव मध्य फाइनल मैच खेला गया दोनों टीमो बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला दर्शको को देखने दोनों ही टीम के खिलाड़ी एक दूसरे में झूझ रहे थे गोल करने के लिए किन्तु दोनों ही टीम कुछ मिनटों तक गोल करने में नाकाम रहा किन्तु मैच के 10वे मिनट में रायपुर के टी वेंकटेश ने गोल कर 1 गोल की से बढ़त बना ली मैच के 18 वे मिनट में अजय तांडी ने गोल कर 2 गोल से बढ़त बना ली थी मैच के मध्यंतर के बाद राजनांदगांव ने अपने खेल परिवर्तन कर अच्छे खेल का प्रदर्शन किया और मैच के 28 वे मिनट व मैच के 39वे मिनट में शकील अहमद ने गोल कर 2-2 के बराबरी पर ला दी अंतिम में मैच का निर्णय पेनल्टी स्ट्रोक से किया गया जिसमें स्पोर्ट्स हॉकी अकादमी रायपुर ने 3 के मुकाबले 5 गोल से जीत दर्ज कर मानसून लीग कप पर कब्जा किया श्री नरेश डाकलिया एवं अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण करते हुए विजेता टीम स्पोर्ट्स हॉकी अकादमी को विशाल ट्रॉफी व 10000/- नगद व उपविजेता टीम राजनांदगांव को ट्रॉफी व 7000/- नगद तथा विशेष पुरष्कार बेस्ट गोल कीपर मृणाल चौबे (रायपुर) बेस्ट फारवर्ड खोगेस्वर बाघ, (रायपुर) बेस्ट डिफेंडर कार्तिक यादव(राजनांदगांव) को पुरस्कृत किया गया।

# ऋषभ गुप्ता को छत्तीसगढ़ कोलता समाज आंचलिक सभा लैलूंगा ने किया सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-
लैलूंगा।



ऋषभ गुप्ता को छत्तीसगढ़ कोलता समाज आंचलिक सभा ने आज संम्मान किया है ऋषभ को मिठाई व गुलदस्ता भेंट कर बधाई दिया गया वही उनके माता पिता को भी बधाई देते हुए ऋषभ की उज्वल भविष्य की कामना किया गया है आपको बता दे कि रायगढ़ जिले के वनांचल क्षेत्र लैलूंगा विकासखंड के डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कुंजारा के छात्र ऋषभ कुमार गुप्ता ने 97त्न अंक हासिल कर लैलूंगा विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है क्षेत्रवासी सहित समाज के लिए गौरव का विषय है। ऋषभ गुप्ता के पिता कान्हू राम गुप्ता मिडिल स्कूल केराबहार के शिक्षक हैं तथा स्काउट गाइड के विकासखंड सचिव भी हैं उनके माता श्रीमती हीरा गुप्ता मिडिल स्कूल नवीन कुंजारा के शिक्षिका हैं दीदी ऋचा गुप्ता नीट का परीक्षा दिए हैं। उनके माता-पिता ने बताया की ऋषभ गुप्ता ने पढ़ाई के लिए ऑनलाइन कोचिंग का भी सहारा लिया तथा पढ़ाई के साथ- साथ अन्य गतिविधि में भी रुचि पूर्वक भाग लेकर व्यक्तित्व विकास के लिए ऋषभ गुप्ता ने स्काउट गाइड में राज्यपाल अवार्ड उत्तीर्ण किया है तथा स्काउट गाइड के नेशनल ट्रेनिंग सेंटर पंचमढ़ी में आपदा प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास एवं पर्वतारोहण शिविर पूर्ण किया है और स्काउट गाइड में ही नेशनल जंबूरी कैंप का प्रतिभागी भी रहा है। चरित्र निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ आर्य वीर दल शिविर के माध्यम से लैलूंगा गुरुकुल आश्रम सलखिया, हर केवल विद्यापीठ अंबिकापुर, गुरुकुल आश्रम तुरंगा आदि में आर्य वीर दल शिविर में भाग लेकर उप ब्यायाम शिक्षक की उपाधि प्राप्त किया है। अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में विषय विज्ञान व मानसिक योग्यता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। राज्य स्तरीय योगा प्रतियोगिता जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ में योग प्रदर्शन कर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। ऋषभ गुप्ता को व उसके परिवार वालो को बधाई देने कोलता समाज के पदाधिकारियों ने घर पहुँचकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं बधाई दी है लगातार समाज के लोगो द्वारा ऋषभ गुप्ता को बधाई देने पहुँच रहे है ऋषभ शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है अन्य रुचि में रामायण पढ़ना, तबला वादन, क्रिकेट खेलना व योगा करना उनका मुख्य रूचि है ऋषभ गुप्ता ने बताया की वह आगे चलकर नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर सिविल सेवा में जाना चाहता है। समाज द्वारा ऋषभ को गुलदस्ता भेंट कर बधाई दिया है वही आने वाले समय मे समाज का नाम रोशन करने की बात कही है कोलता समाज के जिला पदाधिकारी सहित ब्लाक के तोष प्रधान , ललित प्रधान, डॉ सुनील गुप्ता,नूतन प्रधान, दशरथ गुप्ता, जयदेव विश्वाल ,राजेश विश्वाल ,सुखदेव प्रधान,समारू राम ,परसु राम सहित सामाजिक जन उपस्थित रहे।

# कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने भरी हुंकार, मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने दिखाई एकता, जमकर भरी हुंकार, सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए हड़ताली

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन धरमजयगढ़ द्वारा पांच दिवसीय आंदोलन के अंतिम दिन अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।





आवेदन में कहा गया है कि राज्य शासन के कर्मचारियों को 12 प्रतिशत महंगाई भत्ता 1 जनवरी 2019 से केंद्र शासन के समान देय तिथि से स्वीकृत किया गया था। वहीं राज्य शासन के कर्मचारियों को 17 प्रतिशत महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2021 से स्वीकृत किया गया था। जबकि केंद्र शासन के द्वारा 17 प्रतिशत महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2019 से स्वीकृत किया गया था। जिसके फलस्वरूप राज्य शासन के कर्मचारियों को 1 जुलाई 2019 से 30 जून 2021 तक प्राप्त वेतन में आर्थिक क्षति हुआ था।जो आज पर्यंत हो रहा है। राज्य शासन के कर्मचारियों को सातवें वेतनमान पर 22 प्रतिशत महंगाई भत्ता 1 मई 2022 से स्वीकृत किया गया है। जो केंद्र सरकार द्वारा महंगाई भत्ता स्वीकृत हेतु निर्धारित तिथि 1 जनवरी एवं 1जुलाई अनुसार नहीं है। केंद्र शासन द्वारा 17 प्रतिशत से 28 प्रतिशत महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2021 से प्रभावशील किया गया था। जिसमें देय तिथि 1 जनवरी 2020 का 4 प्रतिशत, 1 जुलाई 2020 का 3 प्रतिशत एवं 1 जनवरी 2021 का 4 प्रतिशत इस तरह कुल 11 प्रतिशत सम्मिलित है। केंद्र शासन ने 28 प्रतिशत से 31 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि 1 जुलाई 2021 से स्वीकृत किया गया है। ततपश्चात 31 से 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि 1 जनवरी 2022 से स्वीकृत किया गया है। जिससे स्पष्ट हो रहा है कि राज्य शासन कर्मचारियों के वेतन भुगतान में कटौती कर रही है। जो कि कर्मचारियों के मौलिक अधिकार का हनन है। छत्तीसगढ़ शासन केंद्र के समान देय तिथि से 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत करने तथा सातवें वेतनमान पर गृह भाड़ा भत्ता स्वीकृत करने हेतु समुचित आदेश प्रदान करें। इसी मांग को लेकर छत्तीसगढ़ में पहली बार सभी शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी एक साथ हड़ताल मिलकर हड़ताल किए हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर पूरे प्रदेश में 25 जुलाई से 29 जुलाई तक पांच दिवसीय आंदोलन किया गया। विकासखंड धरमजयगढ़ के कर्मचारी अधिकारी भी दुर्गा मंच में पंडाल लगाकर पांच दिन तक हड़ताल किये। अनेक पदाधिकारियों ने आंदोलन को संबोधित करते हुए सरकार पर जमकर निशाना साधा।

### छत्तीसगढ़ सरकार की सद्बुद्धि के लिए सुंदरकांड पाठ

दो सूत्रीय मांगों को लेकर किये जा रहे आंदोलन के पांचवें दिन पंडाल में छत्तीसगढ़ सरकार के सद्बुद्धि के लिए सुंदरकांड का पाठ किया गया। अपनी जायज मांगों जल्दी पूरा करने के लिए सरकार को सद्बुद्धि मिले इसके लिए संगीतमय सुंदरकांड का सामुहिक रूप से पाठ किया गया। रैली निकालकर दिखाई एकता, जमकर हुई नारेबाजी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित हड़तालियों ने नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। धरमजयगढ़ में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारीयों की रैली निकली थी। जो सिविल अस्पताल चौक, पोस्ट ऑफि स चौक, बस स्टैंड, गांधी चौक होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची। रैली में लाउडस्पीकर के माध्यम से जमकर नारेबाजी की गई। महिला कर्मचारियों द्वारा भी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की जा रही थी।

### प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आगामी आंदोलन- शशि भूषण

फेडरेशन के ब्लाक संयोजक शशिभूषण लकड़ा ने बताया कि केंद्र शासन के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता देने की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। पांच दिन पूरे होने के बाद भी शासन द्वारा किसी प्रकार की पहल नहीं कि गई है। जिससे कर्मचारियों अधिकरियों में बहुत ज्यादा नाराजगी है। मांग पूरी नहीं होने पर आगे प्रदेश पदाधिकारियों के निर्देश पर उग्र आंदोलन की जाएगी। लकड़ा ने आंदोलन में सहयोग देने के लिए सभी को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।






## एक नजर

### पुरानी रंजिश के चलते नाबालिग की हत्या, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**बिलासपुर** । सरकंडा थाना क्षेत्र के चांटीडीह रामायण चौक के पास गुरुवार रात एक किशोर की हत्या कर दी गई। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश को कारण माना जा रहा है। रामायण चौक निवासी 17 वर्षीय राकेश यादव का मोहल्ले के कुछ युवकों से विवाद था। बताया जा रहा है कि इसी वजह से उस पर धारदार हथियार से हमला किया गया । हमला करने के बाद हमलावर भाग निकले थे। जब घायल राकेश को लोगों ने देखा तो उसे इलाज के लिए लेकर गुरुवार रात को सिम्स पहुंचे , लेकिन जांच के बाद चिकित्सकों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पाकर सरकंडा पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक अजय यादव 17 वर्ष का था। नाबालिक की हत्या के मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### पेट्रोलिंग गश्त के दौरान जुआ खेलते चार पकड़ाए

**कोरबा** ।जिला पुलिस कप्तान संतोष सिंह के द्वारा अवैध कारोबार पर अंकुश लगाए जाने के लिए विशेष अभियान जोर-शोर से चलाए जाने का फरमान जारी होते ही जिले के सभी थाना एवं चौकियों का पुलिस अमला चौकस हो गया है। जिसके परिणाम स्वरूप गत रात्रि पेट्रोलिंग गश्त के दौरान कुसमुंडा पुलिस ने गेवरा बस्ती में छापामार कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे चार आरोपियों को रंगे हाथ दबोचकर उनके फड़ से हजारों रुपए जब्त किया।

जानकारी के अनुसार जिले में जुआ, सट्टा, कबाड़, डीजल चोरी, कोयला तस्करी एवं मादक पदार्थों की तस्करी के माध्यम से आये दिन किये जा रहे अपराधों का अवलोकन करने के बाद पुलिस अधीक्षक सिंह ने इस दिशा में गंभीर कदम उठाए जाने के लिए पिछले क्राइम मीटिंग के दौरान अपने मातहतों को हर हालत में ठोस कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया था। उन्होंने इस दौरान यह भी हिदायत दिया कि कार्रवाई में पूरी तरह से पारदर्शिता बरती जाए तथा उदासीनता एवं लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बताया जाता है कि एसपी के द्वारा अवैध कारोबारियों के विरूद्ध अभियान को जोर-शोर से चलाए जाने के फरमान का कहीं मेडिकल दुकानों का अवलोकन कर नशीले पदार्थों की बिक्री पर नजर रखी जा रही है। वहीं कोयला चोरों, डीजल चोरों पर बराबर पुलिस की नजर लगी हुई है। इसी कड़ी में मुखबिर से सूचना मिलने पर कुसमुंडा थानांतर्गत गेवरा बस्ती सतनामी मोहल्ला में फड़ सजाकर गत रात्रि जुआ खेल रहे रघुवर कुमार, निकेश रात्रे, अर्जुन कुमार मिरी तथा मुकेश चंद्राकर को पुलिस ने रंगे हाथ छापा मारकर उनके फड़ से गिरफ्तार किये गए जुआडियों के फड़ से ताश की 52 पत्ती, नगद 5 हजार रुपए पुलिस ने जब्त कर लिया। पकड़े गए जुआरियों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उपरोक्त कार्रवाई एसपी के मार्गदर्शन, एएसपी अभिषेक वर्मा एवं सीएसपी दर्री लितेश सिंह के निर्देशन में कुसमुंडा टीआई नवीन देवांगन एवं उनके हमराह प्रधान आरक्षक दिनेश डहरिया, महिला प्रधान आरक्षक जलवेश कंवर, आरक्षक राकेश यादव, दीपनारायण त्रिपाठी, सुदर्शन केशरी, संजय तिवारी, श्याम गभेल, पुष्पेंद्र पटेल शामिल रहे। कुसमुंडा टीआई देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा क्षेत्र में कोयला चोरी, डीजल चोरी एवं मादक पदार्थों पर अंकुश लगाए जाने के लिए अपने उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में उनके द्वारा टीम बनाकर लगातार मुखबिरों से सतत संपर्क बनाकर कार्रवाई की जा रही है। आगे आने वाले दिनों में इस तरह के अपराधों पर रोकथाम लगाने में किसी भी तरह की कमी नहीं आएगी।

# शासन की सुराजी गांव योजना से गांव की फिजा बदल रही

**राजनांदगांव** । शासन की सुराजी गांव योजना से गांव की फिजा बदल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करने एवं सामाजिक परिवर्तन लाने की दिशा में यह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। समूह की महिलाओं ने अपने हुनर से कामयाबी की राह में आगे कदम बढ़ाए हैं। यह योजना उनमें जागरूकता और आत्मविश्वास लाने का एक सशक्त माध्यम बनी है। जिले में इस दिशा में प्रभावी कार्य किये जा रहे हैं। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने गौठान योजना को विस्तार देते हुए आज 4 करोड़ 8 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। नरवा, घुरवा, गरूवा, बाड़ी योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत गौठान निर्माण की दिशा में लगातार मिशन मोड में कार्य किये जा रहे हैं। गांव के अंतिम व्यक्ति तक शासन की सुराजी गांव योजना एवं गोधन न्याय योजना का लाभ पहुंच सके इसके लिए तत्परतापूर्वक कार्य किया जा रहा है।



# राष्ट्रपति के अपमान पर भड़की भाजपा, कांग्रेस नेता का पुतला फूंक जताया विरोध

**गरियाबंद** । नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी के आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में गरियाबंद भाजपा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी का पुतला फूंका। इस बीच भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमाझटकी भी हुई।लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने राष्ट्रपति को राष्ट्रपत्नी कहकर संबोधित किया था। इसके विरोध में गरियाबंद जिला मुख्यालय के तिरंगा चौक में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया।



भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री बिंदु सिन्हा ने कहा कि कांग्रेसी शुरू से ही आदिवासी महिला का अपमान कर रहे हैं। कहा कि संसद में राष्ट्रपति को राष्ट्रपत्नी कहकर संबोधित करना, यह अपमान राष्ट्रपति के साथ भारत की नारी शक्ति का अपमान है।

भाजयुमो जिला महामंत्री युगल किशोर समदरिया ने कहा कि पहली बार एक आदिवासी महिला देश के सर्वोच्च पद पर ऐतिहासिक बहुमत से राष्ट्रपति निर्वाचित होकर आई हैं। कहा कि राष्ट्रपति पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा टिप्पणी किए जाने के विरोध में महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी का पुतला फूंककर प्रदर्शन किया गया है।

आवश्यकता है

| | पद |
|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221

# दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाने लगा पत्थलगांव में शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।




जशपुर जिला कलेक्टर और जिला सीईओ के आदेश से दिव्यांग जनों के दिव्यांग पात्रता बनाने हेतु एक दिवसीय शिविर शुक्रवार को लगाया गया जिसमें, काफी संख्या में दिव्यांगजन अपने परिवार जनों के सहयोग से जनपद कार्यालय में लगे शिविर के लाभ लेने पहुंचे। जशपुर से आये 4 डॉक्टर की टीम और पत्थलगांव डॉक्टर मिंज द्वारा शिविर में आए लोगों के जांच कराने के क्रम लगभग 12 बजे से जांच के शुरू कर दिए गए। जिसमें दूर दराज क्षेत्र से आए ग्रामीण दिव्यांग जनों ने बारी-बारी से फॉर्म जमा करा कर जशपुर से आए डॉक्टरों के टीम को चेकअप कराना शुरू कर किया। जिसमें हड्डी, आंख, नाक कान ,गला एवं अन्य शारीरिक अपंगता में आए लोगों की जांच की गई जमा की गई फॉर्म के आधार पर समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों द्वारा उन्हें चेक कर प्रतिशत के आधार पर ऑनलाइन अपलोड करेंगे जिसके बाद उन लाभार्थियों को दिव्यांग पत्र दिया जायेगा।

शिविर में आए डॉक्टरों ने बताया कि आए लोगों के बहुत से दिव्यांग जनों के कार्ड बन चुके हैं वह भी इस शिविर में आ गए थे जबकि जिन लोगों के कार्ड नहीं बना है उन लोगों के फॉर्म भरे आधार पर चेकअप कर कार्ड बनाने के प्रोसेस हैं। वही जनपद कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने दूर दराज से आए लोगों को किसी प्रकार से तकलीफ न हो इस बात का खासा ध्यान रख कर सभी लोगों के लिए नाश्ता का प्रबंध कराया था तथा इस शिविर को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते नजर आए




# टी एस एस बगीचा का हाल बुरा, बैठने के लिए सुविधा तक नहीं

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

बगीचा आदिम जाति कल्याण मर्यादित सहकारी समिति बगीचा का विकास खण्ड मुख्यालय आज भी सुविधा से कोसों दूर है। प्रति वर्ष यहाँ लाखों की राशि ऐसे ही खर्च कर दी जाती है लेकिन इन राशियों का उपयोग होता दिखाई नहीं देता है आलम यह है की बरसात के दिनों में भवन में पानी रिसने व टपकने लगता है इतना ही नहीं यहाँ दूर दराज से आये लोगों के बैठने तक की समुचित व्यवस्था नहीं है।




ज्ञात हो की आदिम जाति कल्याण मर्यादित सहकारी समिति बगीचा में प्रति वर्ष करोड़ों का कारोबार होता है। यहाँ अब तक कुल 3700 किसान पंजीकृत हैं। जिनके माध्यम से समिति अनुमानित 8 से 10 करोड़ रुपये का प्रति वर्ष धान खरीदी करता है और किसानों को अनुमानित 2 से 3 करोड़ रुपये का लोन भी देता है बावजूद किसानों के बैठने के लिये यहाँ कोई भी संसाधन उपलब्ध नहीं है। इस समिति में दूर दराज से रोजाना किसानों का आगमन होते रहता है जिसमें अधिकांशतः पहाड़ी कोरवा तो अधिकांशतः पिछड़े व पहुँचविहीन क्षेत्रों से आये हुये किसान रहते हैं। जो 10 से 15 किलोमीटर तक सफर करके बमुश्किल यहाँ तक पहुँच पाते हैं लेकिन यहाँ बैठने तक की सुविधा नहीं होने से इन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।यहाँ दूर दराज से आये किसानों के लिए पानी तक की व्यवस्था नहीं की गई है। इतना ही नहीं प्रति वर्ष समिति द्वारा मरम्मत सहित अन्य सुविधाओं के नाम पर भारी भरकम राशि खर्च करना बताया जाता है लेकिन सुविधा यहाँ दिखाई देती ही नहीं है। यहाँ के भवन भी सुविधा व रखरखाव के अभाव के कारण क्षतिग्रस्त नजर आ रहा है। भवन के अंदर बारिश के दिनों में जगह जगह पानी टपक रहा है आलम यह है की आवश्यक कारोबार लेखा जोखा पंजियन को सहेज कर रखने के लिए भी इन्हें भारी जद्दोजहद करना पड़ रहा है।

खपरैल के इस कार्यालय भवन में कई जगह टीना,खपरैल और एलबेस्टर लगा खपरैल के छज्जा में हुये छिद्र को भरने का कार्य मात्र किया गया है जबकि मरम्मत के नाम पर प्रतिवर्ष यहाँ राशि खर्च होने का बात बताया जा रहा है। तहसील स्तर पर 1962 में बने सहकारी समिति के इस खपरैल भवन को समिति प्रति वर्ष मात्र मरम्मत कर चलाने में मजबूर हैं।धान खरीदी एवं किसानों के लोन सम्बन्धी जानकारी हेतु इस कार्यालय में कई बड़े बड़े अधिकारी व नेतागण आये लेकिन किसी का ध्यान इस जर्जर भवन और किसानों को हो रही अव्यवस्था की ओर नही गया और न ही इन्होंने कभी इस पर विचार करना मुनासिब समझा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in